सूर्योदय 5:57 सूर्यास्त 6:46

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.2 न्यू | 24.6 अधि |
| धर्मशाला | 18.5 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81711.76 |
| निफ्टी | 25017.75 |
| सोना | 73,040 |
| चांदी | 88,566 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




टी-20 विश्व कप: हरमनप्रीत की अगुवाई में उतरेगा भारत

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 28 अगस्त 2024 | 13 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 251, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# कानून व्यवस्था पर सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी नोकझोंक

## विधानसभा मानसून सत्रः वॉकआउट के बाद लौटा विपक्ष

**रविंद्र जस्टा, शिमला**


**विधानसभा** के मानसून सत्र का पहला दिन हंगामापूर्ण रहा। विपक्ष ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चर्चा की इजाजत न मिलने पर सदन से वॉकआट कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शोकाद्गार के बाद जैसे ही प्रश्नकाल की घोषणा की, तो नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नियम-67 के तहत स्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा की मांग की। इस पर विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच खूब नोक-झोंक हुई। इस बीच विपक्ष नाराज होकर सदन से बाहर चला गया।

हालांकि, दस मिनट बाद विपक्षी सदस्य फिर सदन में लौट आए। जयराम ने कहा कि पिछले कल ही बद्दी में ट्रक यूनियन के पास दो गुटों में झगड़ा हुआ। यह तस्करी से जुड़ा हुआ मामला था। 15 लोगों ने दो युवकों पर डंडों और लात-घूंसों से प्रहार किए, जिसके चलते एक की तो मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन है। वहीं, भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि कोर्ट परिसर में दूसरे प्रदेश के किराए के गुंडे गोलियां चलाते हैं। पूर्व में रहे एक विधायक का बेटा इसमें शामिल होता है। युवती पर दराट से हमला किया जाता है। बच्चियों से दुष्कर्म हो रहे हैं। नियम 67 पर तुरंत चर्चा की जाए। (अनंत ज्ञान)



विधानसभा मानसून सत्र के पहले दिन सदन से वॉकआउट करते विपक्षी नेता।

### छह घंटे में गिरफ्तार किया आरोपीः सुक्खू



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि एक मामले में छह घंटे के भीतर आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाया है,। चाहे वह किसी का भी बेटा था। अपराध में संलिप्त लोगों पर इस सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। नशे के कारोबारी जो भी संलिप्त हैं, उन पर चर्चा नियमों के अनुसार होगी। पंजाब के आदमी की हत्या हुई। दो नशे का व्यापार करने वालों में झगड़ा हुआ। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। अगर विपक्ष नशे के व्यापारियों पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव लाएगा तो यह सदन की अवमानना है। वहीं, स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि बीते दिन की घटना दुखद है। पुलिस ने इस पर कार्रवाई की है। कार्रवाई में गंभीर विषय आए हैं। वह नियम 67 के तहत दिए चर्चा के प्रस्ताव को रद्द करते हैं और इसे नियम 130 में सूचीबद्ध करते हैं।

## हिमाचल में अब 21 साल में हो सकेगी लड़कियों की शादी

**हिमाचल** प्रदेश में लड़कियों के विवाह की न्यूनतम उम्र 21 साल करने का विधेयक विधानसभा में पारित हो गया है। मानसून सत्र में मंगलवार को सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने बाल विवाह प्रतिषेध (हिमाचल प्रदेश संशोधन विधेयक, 2024) प्रस्तुत किया। इसे बिना चर्चा के सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। अब इस बिल को मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेजा जाएगा। प्रदेश में अब तक लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल है। राज्य सरकार इसमें 3 साल का इजाफा कर रही है। इसके संशोधित ड्राफ्ट को राज्य मंत्रिमंडल ने 7 महीने पहले ही मंजूरी दे दी थी। आज सदन में संशोधन विधेयक पास हो गया। इससे पहले केंद्र सरकार ने भी संसद में बिल पेश किया था, लेकिन विरोध के चलते अब तक लागू नहीं हो पाया। शांडिल ने बताया कि इससे लड़कियों को आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। अभी कुछ लोग लड़कियों की छोटी उम्र में शादी कर देते हैं। इससे बच्चियां पढ़ाई नहीं कर पाती और करियर में भी आगे नहीं बढ़ पाती हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### शराब नीति घोटाले में के. कविता को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली शराब नीति घोटाले में बीआरएस नेता के. कविता को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को भी फटकार लगाई और उनकी जांच के तरीके पर सवाल उठाए। के. कविता 15 मार्च से पुलिस हिरासत में है। के. कविता को दोनों मामलों में 10-10 लाख रुपए का जमानत बांड भरने, गवाहों से छेड़छाड़ न करने और गवाहों को प्रभावित न करने की शर्त पर जमानत देने का निर्देश दिया है।

### केजरीवाल की हिरासत तीन सितंबर तक बढ़ाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 3 सितंबर तक बढ़ा दी है। केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि उनका शुगर लेवल डाउन हो रहा है। इसी वजह से लंच करने की इजाजत मांगी है। सीबीआई ने 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की थी, लेकिन अदालत ने एक हफ्ते के लिए ही न्यायिक हिरासत बढ़ाई।

### भाजपा दो सितंबर से शुरू करेगी सदस्यता अभियान

**नयी दिल्ली।** भाजपा दो सितंबर से सदस्यता अभियान शुरू करेगी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी का पहला सदस्य बनाकर इस अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और सदस्यता अभियान के प्रमुख विनोद तावड़े ने लोगों से बड़े पैमाने पर पार्टी के साथ जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि मजबूत भाजपा से 'विकसित भारत' का निर्माण होगा। यह विशाल अभ्यास अगले दो महीनों तक चलेगा।

### मायावती फिर बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का एक बार फिर सर्वसम्मति से मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। बसपा ने जारी बयान में यह जानकारी दी। बसपा की केंद्रीय कार्यकारी समिति, अखिल भारतीय स्तर व राज्य पार्टी इकाइयों के वरिष्ठ पदाधिकारियों और देशभर से चुने गए प्रतिनिधियों की एक विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कंगना रणौत के बयान पर तपा सदन -पेज 3
- उपलब्धिः ऊना के जरनैल सिंह बने इंडिया बी क्रिकेट टीम के ट्रेनर -पेज 7
- बस्सी पावर हाउस में जोरदार धमाका, 10 लाख का नुकसान -पेज 9
- डिजिटलाइजेशन, स्किल डेपलपमेंट व कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर -पेज 13
- यूएस ओपनः कोको गॉफ की आसान जीत -पेज 14


### कोलकाता रेप-मर्डर केस : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग

# प्रोटेस्ट मार्च निकाल रहे स्टूडेंट्स पर लाठीचार्ज, 126 गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता**



**कोलकाता** के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रोटेस्ट मार्च निकाला। छात्रों ने इसे 'नबन्ना अभियान' नाम दिया। सरकार ने प्रोटेस्ट को रोकने के लिए 6000 पुलिस जवान तैनात किए। हावड़ा ब्रिज व कई रास्तों को बंद किया गया। ड्रोन से भी निगरानी की गई। छात्रों ने हावड़ा से लगे संतरागाछी में बैरिकेडिंग तोड़ दी। पुलिस ने स्टूडेंट्स पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

**सीबीआई को मिली एएसआई अनूप दत्त के पॉलीग्राफ टेस्ट की अनुमति**

पुलिस ने 126 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीबीआई को एएसआई अनूप दत्त की पॉलीग्राफ टेस्ट करवाने की अनुमति कोर्ट से मिल गई है। अनूप आरोपी संजय रॉय का करीबी है। संजय रॉय की बाइक भी पुलिस कमिश्नर के नाम पर रजिस्टर्ड थी। उधर, रेप और मर्डर केस में जांच एजेंसी सीबीआई दिल्ली एम्स के एक्सपर्ट्स की मदद लेगी। यह पता लगाया जाएगा कि वारदात में संजय रॉय एकमात्र आरोपी है या अन्य लोग भी शामिल हैं। वहीं, पूर्व प्रिंसिपल संदीप का फिर पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया। इससे पहले 24 अगस्त को उनका और 4 फेलो डॉक्टर के साथ एक वॉलंटियर का पॉलीग्राफ टेस्ट किया था। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर बड़ा आरोप लगाया कि नबन्ना रैली से पहले 4 छात्र गायब हो गए हैं।

### ईडी ने पूर्व प्रिंसिपल के खिलाफ दर्ज किया केस

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और कुछ अन्य के कार्यकाल में संस्थान में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के तहत धनशोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत एक प्राथमिकी के समकक्ष अपनी प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने के लिए सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान लिया है।


### भाजपा आज बंगाल में करेगी 12 घंटे बंद

**भाजपा** ने बुधवार को 12 घंटे बंद का आह्वान किया है। केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार कहा कि छात्रों के नबान्न आंदोलन में जिस तरह की बर्बरता ममता सरकार की तरफ से दिखाई जा रही है। उन्होंने ममता को 'तानाशाह' करार दिया।

### सरकार का फरमान कर्मचारी दफ्तर आएं

**ममता** सरकार के मुख्य सलाहकार अलपन बंदोपाध्याय ने कहा कि बुधवार को किसी भी बंद की अनुमति नहीं है। सरकार ने अधिसूचना जारी करके सभी कर्मचारियों को दफ्तर आने और बंद में शामिल न होने का आग्रह किया है।

## झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन 30 को भाजपा में होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 30 अगस्त रांची में भाजपा में शामिल होंगे। चंपई सोरेन ने कहा कि यह मेरा नया अध्याय है। पहले सोचा संन्यास ले लूं, फिर जनता की मांग पर राजनीति में रुकने का फैसला लिया। मंथन के बाद सोचा कि पीएम मोदी के साथ जाना चाहिए। मैं बीजेपी में शामिल होने जा रहा हूं। सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी।

## राज्यसभा की सभी 12 सीटों पर निर्विरोध चुनाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राज्यसभा** के लिए 12 सीटों पर हुए उपचुनाव में सभी प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए हैं।

निर्विरोध चुने गए भाजपा उम्मीदवारों में असम से मिशन रंजन दास और रामेश्वर तेली, बिहार से मनन कुमार मिश्रा, हरियाणा से किरण चौधरी, मध्य प्रदेश से जॉर्ज कुरियन, महाराष्ट्र से धिर्य शील पाटिल, ओडिशा से ममता मोहंता, त्रिपुरा से भट्टाचार्जी और राजस्थान से रवनीत सिंह बिट्टू और राजीव शामिल हैं। वहीं, एनडीए के सहयोगी एनसीपी अजित पवार गुट के नितिन पाटिल और राष्ट्रीय लोक मंच से उपेंद्र कुशवाहा जीते हैं। तेलंगाना से कांग्रेस के एकमात्र प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी निर्विरोध चुने गए हैं। इसके साथ ही राज्यसभा में भाजपा की ताकत 96 तक पहुंच गई है। वहीं, एनडीए 112 पर पहुंच गया है। वहीं, कांग्रेस का भी एक सदस्य निर्वाचित हुआ है, जिससे राज्यसभा में विपक्ष की संख्या 85 हो गई है। राज्यसभा में 245 सीटें हैं, हालांकि वर्तमान में आठ सीटें खाली हैं।

## अरुणाचल में सिरमौर का सपूत आशीष शहीद


### ऑपरेशन अलर्ट के दौरान पाई वीरगति, वीरवार को पैतृक गांव पहुंचेगी पार्थिव देह

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**सिरमौर** जिले के ट्रांस गिरि क्षेत्र का 25 वर्षीय जवान आशीष अरुणाचल प्रदेश में ऑपरेशन अलर्ट के दौरान हुई दुर्घटना में शहीद हो गया है। सिरमौर के इस जवान समेत पांच अन्य जवान भी वीरगति को प्राप्त हुए हैं।

सिरमौर के भरली निवासी आशीष कुमार की शहादत की खबर मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई है। सैनिक कल्याण बोर्ड सिरमौर के उपनिदेशक मेजर दीपक धवन ने यह जानकारी डीसी सिरमौर व प्रशासनिक अधिकारियों को दी है। आशीष कुमार 19 ग्रेनेडियर यूनिट में बतौर ग्रेनेडियर तैनात था। मेजर दीपक धवन ने बताया कि शहीद का पार्थिव शरीर बुधवार को बेस हॉस्पिटल दिल्ली पहुंचाया जाएगा। वीरवार को शहीद की पार्थिव देह पैतृक गांव पहुंचेगी ।

### मां का टूटा बेटे के सिर सेहरा बांधने का सपना




**बेटे** की शहादत का समाचार मिलते ही मां संतरो देवी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां का बेटे के सिर सेहरा बांधने का सपना टूट गया। वहीं, आशीष की शहादत से जुड़वां भाइयों की जोड़ी भी टूट गई है। 6 साल पहले आशीष सेना में भर्ती हुआ था। आशीष के पिता श्याम सिंह का पहले ही निधन हो चुका है और अब परिवार में उनकी मां, बड़े भाई राहुल व जुड़वां भाई रोहित है व बहन पूजा है। शहीद की बहन पूजा वनरक्षक है।

## कंगना की फिल्म रिलीज रोकने को हाईकोर्ट में पिटीशन



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की नई फिल्म इमरजेंसी को पंजाब में रिलीज करने से रोकने की मांग की गई है। एडवोकेट इमान सिंह खारा ने पिटीशन दायर की है। पिटीशन में उन्होंने कहा कि कंगना ने फिल्म में सिखों को गलत तरीके से पेश किया है।

## शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने पर एक्शन

### ठेकेदार-कंसल्टेंट के खिलाफ एफआईआर

**एजेंसी, महाराष्ट्र**



**महाराष्ट्र** में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के मामले में सिंदुधुर्ग पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए ठेकेदार जयदीप आप्टे और स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट चेतन पाटिल को आरोपी बनाया है।

**इंडियन नेवी करेगी जांच**

वहीं, भारतीय नौसेना ने कह कि नौसेना ने इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना की वजहों की तुरंत जांच करने और जल्द से जल्द प्रतिमा की मरम्मत और पुनर्स्थापना के लिए कदम उठाने के लिए एक टीम तैनात की है। आरोपियों की कंपनी को ही शिवाजी महाराज का पुतला बनाने और लगाने का काम दिया गया था। सीएम एकनाथ शिंदे ने जांच के आदेश दिए हैं और कहा कि शिवाजी महाराज की प्रतिमा फिर से स्थापित की जाएगी।

## पीएम मोदी की फोन पर पुतिन से बात रूस-यूक्रेन जंग रोकने को कहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मंगलवार को फोन पर बात की। दोनों नेताओं के बीच रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर बातचीत हुई। रूस और यूक्रेन जंग रोकने को कहा। इस दौरान पीएम मोदी ने पुतिन को बताया कि भारत शांतिपूर्ण समाधान को लेकर प्रतिबद्ध है।

**रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर भी चर्चा**

पीएम मोदी ने पोस्ट कर बताया कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के कदमों पर चर्चा की गई। रूस-यूक्रेन युद्ध और मेरे हालिया यूक्रेन दौरे पर भी चर्चा हुई। रूस-यूक्रेन युद्ध के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को लेकर भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। सोमवार को भी प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बीच फोन पर वार्ता हुई थी। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में बताया गया था कि पीएम मोदी और बाइडेन ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताई थी, लेकिन व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान पर इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा गया। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में सिर्फ रूस-यूक्रेन युद्ध का ही जिक्र किया गया।







## न्यूज ब्रीफ

### नेरवा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** नेरवा में बुधवार 28 अगस्त को बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल नेरवा अरविन्द धीमान ने बताया कि बुधवार को 22 केवी कण्ट्रोल पॉइंट में उपकरणों के आवश्यक रखरखाव के चलते प्रातः 9 से सांय पांच बजे तक बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग का आग्रह किया है

### कोटखाई 5 सड़कें बारिश के कारण हुई बंद

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** सोमवार देर रात भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 705 सहित कोटखाई उपमंडल के पांच संपर्क मार्ग पर मिट्टी व पत्थर आने के कारण बंद हो गए थे। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा युद्धस्तर पर गुम्मा बाघी सडक, तितरी क्यारी व एन एच 705, कोटखाई के कोकुनाला के पास सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोला गया। हालांकि रात बहुत होने के कारण पांदली व थरोला सडक को खोलने के लिए लोक निर्माण विभाग को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। लोक निर्माण विभाग की कड़ी मेहनत के बाद पांदली व थरोला सड़क को मंगलवार सुबह सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दिया गया है। सहायक अभियंता कोटखाई चुन्नी लाल आजाद ने बताया मंगलवार सुबह तक कोटखाई उपमंडल के सभी मार्ग खोल दिए गए है।

### मांगों को लेकर होगा आंदोलन : एबीवीपी




**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 25 अगस्त को सम्पन्न हुई। विद्यार्थी परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक साल में 2 बार होती है। बैठक में पूरे प्रदेश से कुल102 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने बताया कि इस बार यह बैठक संगठनात्मक जिला देहरा के अंतर्गत श्री ज्वाला जी में होनी तय हुई थी, जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से 102 कार्यकर्ताओं नें भाग लिया इस बैठक में अगले 1 वर्ष की पूरी योजना बनाई गई और प्रदेश के अन्य मुद्दों पर बैठक में चर्चा हुई ।

### सरकार पर देनदारियों को लेकर सदन में चर्चा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** विधानसभा सत्र के दौरान सरकार पर देनदारियों को लेकर चर्चा हुई। पांवटा साहिब से भाजपा विधायक सुखराम चौधरी ने हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के सेवानिवृत अफसरों व कर्मचारियों के पेंशन बकाया और अन्य लाभों की जानकारी मांगी थी। सुखराम चौधरी के सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की तरफ से बताया गया कि कुल 28206 अफसरों व कर्मियों की 972.20 करोड़ रुपए की देनदारी है। मुख्यमंत्री की तरफ से आए लिखित जवाब में बताया गया कि धनराशि की उपलब्धता के अनुसार चरणबद्ध तरीके से पेंशन व अन्य मदों में भुगतान किया जा रहा है। ये पैसा पेंशन, अंतरिम राहत, लीव-एनकैशमेंट, ग्रेच्युटी आदि का है। वहीं शाहपुर से कांग्रेस विधायक केवल सिंह पठानिया जानना चाहते थे कि राज्य सरकार की विभिन्न बैंकों में कितनी एफडीआर (फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट) हैं।

केवल सिंह पठानिया ने अपने सवाल में ये भी जानना चाहा था कि उन एफडीआर पर कितना ब्याज मिल रहा है और उनका नवीकरण कब-कब किया गया। जवाब में सरकार की तरफ से सिर्फ इतना कहा गया कि इस बारे में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ सदस्य सतपाल सिंह सत्ती का सवाल भी शामिल है. सतपाल सिंह सत्ती ने कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के उन कर्जदाताओं की सूची मांगी थी, जिनके कर्ज वन टाइम सेटलमेंट के तहत दो साल की अवधि में माफ किए गए हैं। इस सवाल के जवाब में भी यही बताया गया कि सूचना एकत्रित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कई सदस्यों के सवाल के जवाब में सरकार की तरफ से कहा जाता है कि इस बारे में सूचना जुटाई जा रही है। कई बार तो सवाल एक सेशन के बाद दूसरे सेशन में भी आता है, लेकिन जवाब यही रहता है कि सूचना एकत्रित की जा रही है।

### स्नातक कक्षाओं में प्रवेश 31 अगस्त तक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में अब विद्यार्थी स्नातक तक की सभी कक्षाओं में 31 अगस्त तक प्रवेश ले सकते हैं। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर रामकृष्ण ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के उपकुलपति द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार जो विद्यार्थी किन्हीं कारणों से अभी भी प्रवेश नहीं ले पाए हैं, उनको प्रवेश लेने की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इच्छुक विद्यार्थी कला, विज्ञान तथा वाणिज्य स्नातक के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की कक्षाओं में 31 अगस्त तक महाविद्यालय वेबसाइट पर आनलाइन प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### झंडा रस्म के साथ मोहड़ा में गुग्गा मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के तहत आने वाले गुग्गा मोहड़ा के गुग्गा मंदिर में दो दिवसीय मेला शुरू हो गया। इसमें बीडीसी सदस्य सोनिका शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने झंडा रस्म के साथ मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। मेलों के आयोजन से लोगों को एक-दूसरे से मिलने का मौका मिलता है और लोगों में आपसी प्यार और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। मंदिर कमेटी के प्रधान विक्रम सिंह ठाकुर ने बताया कि दो दिवसीय इस मेले में क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के लोग मेले में भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर उपप्रधान जगदीश सह, सचिव शशि ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, धर्म सिंह, रोशन लाल, चिंत राम, दलेल सिंह आदि उपस्थित रहे।




### कानूनी सहायता के लिए 15100 हेल्पलाइन नंबर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण मनीषा गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यू दिल्ली द्वारा लोगों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 15100 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस नंबर पर कोई भी व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता अथवा सलाह के लिए संपर्क कर सकता है। वह व्यक्ति जिस राज्य या जिले का रहने वाला है, उसे वहां के जिला विधिक सेवा प्राधिरण के कार्यालय से संपर्क करवाया जाता है और वह व्यक्ति अपनी स्थानीय भाषा में भी अपनी समस्या को बता सकता है तथा उसकी समस्या का अतिशीघ्र समाधान किया जाता है। मनीषा गोयल ने लोगों से आग्रह किया है कि इस हेल्पलाइन नंबर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10 से शाम के 5 बजे तक जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दूरभाष नंबर 01978-221452 पर मुफ्त कानूनी सहायता अथवा सलाह के लिए संपर्क कर सकता है।

### सिक्योरिटी गार्डस के लिए कैंपस इंटरव्यू 2 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि इवान सिक्योरिटी फक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्डस के 100 पदों, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 20 पदों, सेल्स एग्जीक्यूटिव के 25 पदों एवं ट्रेनी प्रोडक्शन के 100 पदों हेतु उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं तथा उपरोजगार कार्यालय श्री नयना देवी जी में 2 सितंबर को 11 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन जाएगा। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी गार्डस, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव एवं ट्रेनी प्रोडक्शन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं व बारहवीं पास तथा सिक्योरिटी सुपरवाइजर के लिए बारहवीं व ग्रेजुएशन तथा मासिक वेतन 10 हजार से लेकर 25000 रुपए दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार आयु 20 से 36 वर्ष होनी चाहिए तथा पुरुष व महिला उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 2 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं तथा श्री नयना देवी पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। उम्मीदवार का रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी हेतु 62230715543 पर संपर्क कर सकते हैं।

मुफ्त इलाज पर संकट : 310 करोड़ का भुगतान न होने पर दवाई-उपकरणों की आपूर्ति हुई बंद

# आईजीएमसी में रोकी सभी मुफ्त हार्ट सर्जरी

- ज्यादातर अस्पतालों में इक्का-दुक्का मरीजों की हो रही मुफ्त सर्जरी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुफ्त इलाज की योजना हिम-केयर और आयुष्मान पर संकट मंडरा रहा है। आर्थिक संकट से जूझ रही कांग्रेस सरकार मुफ्त इलाज और निशुल्क दवाइयों का पेमेंट नहीं दे पा रही है। इससे आयुष्मान और हिम-केयर कार्ड के तहत मुफ्त में होने वाली सर्जरी रोक दी है।

प्रदेश के ज्यादातर अस्पतालों में इक्का-दुक्का मरीजों की ही मुफ्त सर्जरी हो रही है। इसी तरह जन औषधि केंद्रों में मरीजों को ज्यादातर मुफ्त दवाइयां नहीं मिल रही। अस्पतालों को दवाइयां और पेस-मेकर जैसे उपकरण सप्लाई करने वाली कंपनियों ने इनकी सप्लाई बंद कर दी है।

सरकार के पास लगभग 310 करोड़ रुपए से ज्यादा की पेमेंट पेंडिंग हो गई है। बताया जा रहा है कि जिन कंपनियों ने सामान व दवाई की सप्लाई बंद कर दी है, उनका पेमेंट चुकाने के बजाय दूसरी कंपनी को ऑर्डर देकर सामान व दवाई मंगाई जा रही है।



### ओपन मार्केट से स्टेंट व पेसमेकर खरीद रहे मरीज

मरीजों व उनके तीमारदारों को स्टेंट और पेसमेकर जैसे उपकरण ओपन मार्केट से महंगे दाम पर खरीदने पड़ रहे हैं। प्रदेश के प्रीमियम इंस्टीट्यूट शिमला में भी हिम केयर व आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त उपचार की सुविधा ज्यादातर मरीजों को नहीं मिल पा रही है।

### हिमाचल में 6 लाख आयुष्मान व हिमकेयर कार्ड

प्रदेश में आयुष्मान और हिम-केयर योजना के तहत 6 लाख से ज्यादा कार्ड बने है। इसके तहत प्रत्येक मरीज का सरकारी अस्पताल में 5 लाख रुपए तक का उपचार मुफ्त होता है। हिम केयर राज्य की अपनी स्कीम है, जबकि आयुष्मान केंद्र सरकार की योजना है। मगर आयुष्मान में 50-50 फीसदी के अनुपात में केंद्र व राज्य सरकार खर्च उठाती है। राज्य सरकार आयुष्मान का भी बजट नहीं दे पा रही है।

### जल्द पेमेंट मिलने की उम्मीद : राहुल

शिमला के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने बताया कि हिम केयर और आयुष्मान में पेमेंट जरूर पेंडिंग हैं। लेकिन मरीजों की सर्जरी रूटीन में हो रही है। सरकार से पेमेंट के लिए पत्राचार किया जा रहा है।

### कई माह से नहीं मिली पेमेंट : अरविंद

**होलसेल** डिस्ट्रीब्यूटर अरविंद ने बताया कि कई महीनों से उनको पेमेंट नहीं मिल रही है। अकेले उनकी कंपनी की 7 करोड़ रुपए से ज्यादा का पेमेंट पेंडिंग हो गया है। इसे देखते हुए उन्होंने दवाई और विभिन्न उपकरणों की सप्लाई बंद कर दी है।

## बेरोजगार शिक्षक संघ ने किया धरना-प्रदर्शन



धरने पर बैठे हुए बेरोजगार शिक्षक संघ के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश में नौकरी की तलाश कर रहे बेरोजगार शिक्षक संग ने मंगलवार को धरना-प्रदर्शन किया। बेरोजगार शिक्षक संग पिछले 7 सालों से नौकरी की तलाश कर रहे है। शारीरिक शिक्षकों (बीपीई, बीपीएड, एमपी एड) है, जिनमें से अधिकतर लोग 45 से 50 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं। प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने आते ही 870 पदों को भरने की प्रक्रिया 4 अप्रैल, 2023 को कुल्लू जिला में काउंसिलिंग शुरू कर दी थी, लेकिन विभाग ने उस पर उच्च न्यायालय से रोक लगवा दी, जबकि हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लगभग 2150 रिक्त पद है।

उनकी मुख्य मांगों में हिमाचल सरकार द्वारा पास की पीआरटी की सभी 870 जमा 228 कुल 1098 थी, इन पदों को जल्द भरा जाए।

शारीरिक शिक्षक प्रवक्ता की 486 पदों को भरने की प्रक्रिया के द्वारा 243 पदोन्नति की सूची तो विभाग ने निकाल दी है, लेकिन बाकी बची हुई 243 पदों को कमीशन द्वारा सरकार कब तक भरेगी। डीपीई के 2023 में 287 पद पदोन्नत किए गए, जो कि आर एंड पी रूल के मुताबिक 50 फीसदी है फिर कमीशन की 287 पोस्ट कहां है। शारीरिक शिक्षकों के सभी खाली पद 2150 है, जो सरकार के संज्ञान में है तथा इन्हें तुरंत प्रभाव से भरा जाए। योगा शिक्षक के स्वीकृत 60 पद है और इन खाली पदों को तुरंत प्रभाव से भरा जाए।

## बागवानों को सेब के उचित दाम दिलाने में सहयोग करें सरकार : चेतन

**भरत ठाकुर, कोटखाई**



प्रदेश कांग्रेस सरकार की लापरवाही व नालायकी की वजह से सेब बागवान हताश और निराश महसूस कर रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि बागवानों का उत्पाद मंडियों में सस्ते दामों पर बिक रहा है। प्रदेश सरकार का हिमाचल की मंडियों में कोई नियंत्रण नही रह गया है। व्यापारियों व खरीदारों को सेब कौड़ियों के दाम खरीदने की खुली छूट दी जा रही है।

बरागटा ने कहा इस तरह की कार्यप्रणाली से मिलीभगत का अंदेशा लगाया जा सकता है। सेब व्यपार के इतिहास में पहली मर्तबा सेब रिकार्ड 1000 से 1500 रुपए दो दिन के अंदर दाम गिरा है। जबकि पूर्व में 100 से 200 रुपये तक कि ही गिरावट देखने को आती थी। बहरहाल यह चिंता का विषय है,सरकार से मांग है कि तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप करें व बागवानों को सेब के उचित दाम दिलाने में सहयोग करें।

बरागटा ने कहा की बड़ी हैरत की बात यह है कि सेब बाहुल क्षेत्र से संबंध रखने वाले कांग्रेस सरकार में मंत्री व विधायकों ने सेब गिरावट व बागवानों को आ रही अन्य असुविधाओं को लेकर चुप्पी साधी हुई है। जबकि चुनावों में कांग्रेस से अपने घोषणा पत्र में पांचवी गारंटी में कहा था कि बागवान तय करेंगे फलो की कीमत। आज कांग्रेस की वो गारेंटी कहां गयी,बागवान ये बात जानना चाहता है।

कांग्रेस ने आज तक केवल किसानों बागवानों को गुमराह करने का काम किया है। (अनंत ज्ञान)

### फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने पर डाक सेवक पर केस

**अनंत ज्ञान, शिमला।** फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने पर एक डाक सेवक पर एफआईआर दर्ज हुई है। डाक विभाग की जांच में आरोपी कर्मचारी के दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं।

फर्जी दस्तावेजों से डाक सेवक की नौकरी हासिल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। डाक विभाग की जांच में आरोपी कर्मचारी के दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं। विभाग की ओर से आरोपी के खिलाफ बालूगंज थाने में केस दर्ज करवाया गया है। आरोपी की पहचान मोहित के रूप में हुई जो कि वर्तमान में शिमला उपमंडल के एक डाकघर में सेवाएं दे रहा था। शिकायत और दस्तावेजों की पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## चेतन बरागटा सेब पर करते हैं केवल राजनीति : कौशल मुंगटा

**दशमी रावत, जुब्बल**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा ने भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा के सेब के दाम पर कांग्रेस की विफलता वाले बयान का जवाब देते हुए कहा कि चेतन बरागटा पहले दिन से ही सेब के विषय में राजनीति करते आ रहे है। पहले उन्होंने यूनिवर्सल कार्टन का विरोध कर राजनीति की, उसमें भी बागवानों ने उनको मुंहतोड़ जवाब दिया। उसके बाद जब मुद्दा नहीं बचा तो अब सेब के दाम पर राजनीति कर रहे है।

मुंगटा का कहना है की सरकार की हर गतिविधि पर पूरी नजर है। सरकार की छोटी से छोटी संस्था मंडियों पर पूरा नजर बनाए हुए है। दाम गिरने से संबंधी बातों पर सरकार अपने स्तर पर प्रदेश की मंडियों में चेक रखे हुए है। उन्होंने आगे कहा कि आरोप लगाना व आवाज उठाना विपक्ष का काम है लेकिन चेतन बरागटा उसको छोड़ छींटाकशी की राजनीति करते है, जिसका जवाब दिया जाएगा।

कौशल मुंगटा ने बताया कि भाजपा ने तो सरकारी मंडियों को बायपास करने का कानून देश में लाया था। शायद भाजपा प्रवक्ता भूल गए है और आज सरकारी मंडियों में हमारी सरकार को दखल करने को कह रहे है। मुंगटा ने कहा है कि बागवान निश्चिंत हो कर फसल को अच्छे से तैयार होने के बाद ही बाजार में उतारे अच्छे सेब का दाम दिसंबर में भी कम नहीं होता। बाकि सरकार हर परिस्थिति में बागवानों के साथ खड़ी है।(अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में 3 दिन फिर बरसेंगे बादल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश में फिर तीन दिन तक बदल बरसेंगे। मौसम विभाग शिमला की तरफ से येलो अलर्ट जारी किया गया है। शिमला में भी मंगलवार दोपहर बाद झमाझम बारिश शुरू हुई। राज्य में 2 सितंबर तक मौसम खराब बना रहने के आसार है। ऊना, बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट है।

शिमला में न्यूनतम तापमान 14.2, सुंदरनगर 20.2, भुंतर 20.0, कल्पा 13.0, धर्मशाला 18.5, ऊना 21.2, नाहन 23.3, पालमपुर 18.5, सोलन 17.6, मनाली 16.9, कांगड़ा 21.2, मंडी 20.3, बिलासपुर 22.3, हमीरपुर 22.9, चंबा 20.9, कुफरी 13.5, नारकंडा 11.4, रिकांगपिओ 16.7, धौलाकुआं 24.2, बरठीं 22.7, मशोबरा 14.1 व सैंज में 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## 'हिम समाचार' ऐप से पाएं हिमाचल सरकार की महत्वपूर्ण जानकारियां : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और महत्वपूर्ण घोषणाओं सहित हिमाचल प्रदेश सरकार की सभी खबरों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा 'हिम समाचार' ऐप लांच किया गया है। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी।

उन्होंने जिला बिलासपुर के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा है कि हिमाचल सरकार द्वारा सरकार की सभी महत्वपूर्ण निर्णय और कैबिनेट द्वारा लिए जाने वाले सभी फसलों की जानकारी के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लॉन्च किए गए हिम समाचार ऐप को डाउनलोड अवश्य करें।

विभाग द्वारा अब तक 650 से अधिक दैनिक बुलेटिन प्रसारित किया है। जिस पर पर 8 लाख 60 हजार से अधिक व्यूज आए है। इस ऐप में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रतिदिन शाम को 6 बजे न्यूज बुलेटिन 'हिमाचल समाचार' प्रसारित किया जा रहा है। इस बुलेटिन में प्रदेश सरकार से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां तथा ताजा समाचार प्रसारित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आम लोग 'हिम समाचार' ऐप को अपने मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करके रोजाना सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का बुलेटिन सुन सकते हैं। उन्होंने सभी लोगों से 'हिम समाचार' ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करने की अपील की है।

### चंदेल करेंगे अंडर-19 जोनल गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बिलासपुर।** जुखाला जोन के तहत अंडर-19 जोनल गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरमाणा में पहली सितंबर से शुरू हो रही है। इन होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हिमुडा निदेशक मंडल के सदस्य एवं प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जितेंद्र चंदेल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। स्कूल प्रबंधन समिति ने तीन दिन तक चलने वाली खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रिंसिपल यशपाल ने बताया कि जोनल खंड की प्रतियोगिता में 16 पाठशालाओं की बालिकाएं भाग ले रही है। इन खेलों में खिलाड़ी कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन खेलों में अपना प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर खिलाड़ियों द्वारा मुख्यातिथि को मार्च पास्ट की सलामी भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इन खेलों में बालिकाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगीं।



## शिक्षा निकेतन स्कूल झंडूता के विद्यार्थियों का रहा दबदबा

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के आनंदघाट में स्थित राहन शिक्षा निकेतन स्कूल ने योगा एसोसिएशन बिलासपुर के सौजन्य से आयोजित योगासन खेल प्रतियोगिताओं में इस वर्ष भी राहन शिक्षा निकेतन स्कूल झंडूता के विद्यार्थियों का दबदबा रहा।

14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के ट्रेडिशनल योगा कंपटीशन में स्कूल की छात्रा अर्पिता कुमारी को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। वहीं 10 से 14 आयु वर्ग में स्कूल की छात्रा दिव्या चंदेल सिल्वर मेडल जीतने में सफल रही। जीत के इसी सिलसिले को आगे बढ़ते हुए स्कूल की छात्रा प्राची शर्मा 10 से 14 वर्ष के ग्रुप में कांस्य मेडल जीतने में सफल रही। दिव्या तथा प्राची संयुक्त रूप से रजत पदक जीतने में सफल हुई। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रिंसिपल आरएल शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर जरनैल शिक्षा समिति अध्यक्ष जगरूप सिंह, कैडिनेटर संदीप शर्मा ने बच्चों का स्कूल आने पर स्वागत किया।

### श्री गुग्गा जाहरवीर मंदिर परिसर में मेला 29 को

**झंडूता।** झंडूता उपमंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र गेहड़वीं स्थित प्राचीन श्री गुग्गा जाहरवीर मंदिर परिसर में 8 दिवसीय मेलों का शुभारंभ गुरुवार 29 अगस्त से होगा। जबकि मेलों का समापन 5 सितंबर को विशाल दंगल के साथ होने जा रहा है। मेलों का शुभारंभ गेहड़वीं कस्बे के बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता विनोद चंदेल करेंगे, जबकि मेलों का समापन झंडूता विधायक जीतराम कटवाल के द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी मेला कमेटी के प्रभारी व ग्राम पंचायत गेहड़वीं के प्रधान प्यार सिंह व उपप्रधान सुनील नड्डा ने दी। गेहड़वी में यह मेला हर वर्ष आयोजित होता है। यह ऐतिहासिक मेला है इसमें जिला बिलासपुर के अलग अलग हिस्सों से लोग गुगा जाहिर पीर के दर्शन करने आते हैं।

**ऑफर** होर्डिंग हटाए तो बोतलों पर चस्पां दिए स्टिकर, एक क्वार्टर के साथ दी जा रही है 35 ग्राम चायपत्ती फ्री

# अब शराब की बोतल के साथ चायपत्ती फ्री

**शुभम राही, बिलासपुर**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

बिलासपुर शहर में शराब बेचने के लिए ठेकेदारों ने सारी हदें पार कर दी हैं। शराब ठेकों के बाहर पहले बोतल के साथ फ्री चायपत्ती की स्कीम के बड़े-बड़े होर्डिंग लगा रखे थे, लेकिन जब आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर उन बोर्डों को हटाया तो ठेकेदारों ने शराब की बोतलों के ऊपर इन स्कीमों के स्टिकर चस्पां कर ग्राहकों को लुभाना शुरू कर दिया है।

ठेकेदारों ने अंग्रेजी शराब की बोतलों के ऊपर एक क्वार्टर के साथ टाटा अग्नि चायपत्ती 35 ग्राम फ्री पाएं के स्टिकर लगा दिए हैं। सेल्समैन और ठेकेदारों को विभाग का कोई डर नहीं है। ठेकेदार ऐसा क्यों कर रहे हैं, यह कहना मुश्किल हो गया है, परंतु यह विषय इन दिनों बिलासपुर शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

आबकारी एवं कराधान विभाग में शराब की दुकानों में इस तरह का विशेष ऑफर चलाने का कोई भी प्रावधान नहीं है। शुरू में विभाग को इसकी भनक नहीं लग पाई, लेकिन जब यह मसला उसके समक्ष आया तो विभाग ने सख्त रवैया अपना लिया, जिसके चलते शराब की दुकानों की चेकिंग हो रही है तथा कानून कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है। सवाल यह पैदा होता है कि जब विभाग की ओर से हाल ही में कार्रवाई की गई तो उसके बाद फिर से इस तरह से शराब की बोतलों पर ही स्कीमों के स्टिकर लगाने का क्या औचित्य है। जिला बिलासपुर में शराब की 80 दुकानें हैं, लेकिन इनमें से कई ऐसी दुकानें हैं जहां पर नियमों की अवहेलना हो रही है।




> **शराब** की बोतलों के ऊपर किसी भी तरह के ऑफर का स्टिकर नहीं लगाया जा सकता है। अगर ऐसा किया जा रहा है तो टीम भेजी जाएगी और सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मनमाने रेट और इस तरह की स्कीमें लगाने वाले शराब के ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
>
> -शिल्पा कपिल, आयुक्त आबकारी एवं कराधान विभाग, बिलासपुर।

### चायपती के अलावा नमकीन के भी ऑफर

**बिलासपुर** में शराब की दुकानों में चायपत्ती के अलावा एपिसोड और ऑफिसर च्वाइस की 350 रुपए की बोतल के साथ 10 रुपए का नमकीन, 190 हॉफ के साथ पांच रुपए का नमकीन, 100 रुपए के क्वार्टर के साथ पांच रुपए के फ्री नमकीन का ऑफर भी चल रहा है। इसके अलावा ऑफिसर च्वाइस ब्लू 380 रुपए की बोतल खरीदने पर दस रुपए का नमकीन, हॉफ 200 का खरीदने पर पांच रुपए का नमकीन, क्वार्टर 120 रुपए खरीदने पर पांच रुपए का नमकीन ऑफर दिया जा रहा है। यही नहीं 11 बोतलें खरीदने पर एक बोतल फ्री का आकर्षक ऑफर भी मिल रहा है।

## शांति सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया चतुर्थ स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

शांति सेवा समिति का चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह मेहरी काथला में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अमरनाथ धीमान ने की। स्थापना दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बाबा बालक नाथ जी की तपोस्थली शाहतलाई से गौरी महंत ने शिरकत की तथा विशेष अतिथि के रूप में सुदर्शन शर्मा रिटायर्ड हेडमास्टर एवं सनातन सेवा समिति शाहतलाई के संस्थापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रज्वलन व तीन कुंडिया गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के साथ हुई। समिति के संस्थापक शेर सिंह धीमान व उनकी पत्नी रूपा देवी धीमान ने मुख्यातिथि और विशेष अतिथि को माता की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया।

धीमान ने कहा कि समिति का उद्देश्य गरीबों की मदद करना, उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना, गरीब घरों की बेटियों की शादी में सहयोग आदि करना है। गौरी महंत व सुदर्शन शर्मा ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की समिति के अध्यक्ष अमरनाथ धीमान समाजसेवी प्रसिद्ध शिक्षा तथा जन कल्याण के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं। पिछले 30 वर्षों से समाज सेवा में जुटे हैं। हमारा पूर्ण सहयोग शांति सेवा समिति के प्रति रहेगा।

इस अवसर पर सनातन सेवा समिति शाहतलाई के अध्यक्ष शशि रघुवंशी, उपाध्यक्ष अंकुर ठाकुर, लेखराम शर्मा, बीएन शर्मा, ज्ञानो देवी धीमान, धर्मदास, महेंद्र सिंह रावत, मीरा देवी, ज्ञानी देवी, अनारकली देवी आदि उपस्थित थे।



# विधानसभा मानसून सत्र







शिमला । हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन भाग लेने जाते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, सुजानपुर से विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, (मध्य) विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भाजपा विधायकों के साथ तथा (दाएं) मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व अन्य।

# कंगना रणौत के बयान पर तपा सदन

## विधायक कुलदीप राठौर बोले, जो बयान सांसद कंगना रणौत ने दिया ; उससे **किसान-बागवान** वर्ग आहत

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

किसान-बागवान को लेकर सांसद कंगना रानौत द्वारा दिए गए बयान को लेकर सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच खूब हंगामा हुआ। इस दौरान पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से नारेबाजी हुई। सदन में कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि जो बयान सांसद कंगना रणौत ने दिया है, उससे पूरा किसान-बागवान वर्ग आहत है। वैसे तो कंगना को उटपटांग बोलने की आदत है।

उन्होंने किसानों-बागवानों को बलात्कारी कहा। उन्हें विदेशी ताकतों का एजेंट कहा। इस पर उन्हें बहुत आपत्ति है। कुलदीप राठौर ने कहा कि किसान आंदोलन में 700 किसान शहीद हो गए। कुलदीप सिंह राठौर जब सदन में बोल रहे थे तो उस वक्त विपक्ष भी लौट आया और विरोध करने लगा। इस पर विपक्ष ने हंगामा किया तो राठौर ने कहा कि उन्हें तकलीफ क्यों हो रही है, इसका मतलब यह है कि उनकी इससे सहमति है। भाजपा विधायकों की सहमति क्या कंगना के साथ है?

इस पर विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे और नारेबाजी भी शुरू कर दी। इस बीच स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व ने भी कंगना के बयान की निंदा की है संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि विपक्ष की राय जानने के लिए इस संबंध में वोटिंग की जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने दोहराया कि भाजपा का नेतृत्व इसकी निंदा कर चुका है। सदन भी इसकी निंदा करता है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी कहा कि भाजपा के नेतृत्व ने पहले ही इस बयान की निंदा कर ली है। अब कुछ बचता नहीं है। इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

विपक्षी विधायकों के हिमाचल प्रदेश विधानसभा सदन से बाहर जाने के बाद संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मंडी की सांसद कंगना रणौत के बयान पर विधानसभा के बाहर महिला कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है।

ऐसे में भाजपा विधायक कानून व्यवस्था की बात कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि चिट्टा में संलिप्त पार्टियों से इनका क्या संबंध है? चौहान ने कहा कि कंगना ने एक विवादित बयान दिया है। यह हिंदुस्तान के किसानों के खिलाफ दिया है। वह चुनी हुई प्रतिनिधि हैं। विपक्ष सदन से बाहर चला गया। वह यह जानना चाह रहे थे कि इनकी क्या राय है? (अनंत ज्ञान)



### भाजपा विधायक को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

भाजपा के विधायक हंसराज को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर विधानसभा सदन के बाहर महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस राष्ट्रीयाध्यक्ष अलका लांबा की अगुवाई में महिलाओं ने चौड़ा मैदान में एकत्रित होकर यहां जमकर प्रदर्शन किया और जिला चंबा के चुराह विधानसभा के विधायक हंसराज के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग की। इस धरना प्रदर्शन में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव नीतू वर्मा सोई व हिमाचल प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल सहित जिलों की अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### कंगना का बयान किसानों का अपमान : प्रतिभा



**हिमाचल** कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसान आंदोलन से जुड़े बयान की निंदा करते हुए कहा है कि भाजपा को इसके लिए देश के किसानों से माफी मांगनी चाहिए। कंगना का बयान देश के अन्नदाताओं का अपमान है जो किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। प्रतिभा सिंह ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा है कि देश ने भाजपा के किसान विरोधी चेहरे को पहले ही देख लिया है और अब कंगना का बयान भाजपा की सोची समझी रणनीति का ही एक

### कंगना के बयानों में झलक रहा मानसिक दिवालियापन : विक्रमादित्य

कंगना रणौत किसानों को लेकर दिए गए बयान के चलते इन दिनों सुर्खियों में है। किसानों को लेकर दिए गए बयान को लेकर वह बुरी तरह घिर गई हैं। यहां तक की उनकी पार्टी भी उनके इस बयान को लेकर किनारा कर लिया है और भविष्य में इस तरह की बयानबाजी न करने की सलाह दी है।

वहीं, अब प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कंगना रनौत के इस बयान को लेकर उनकी आलोचना की है। मीडिया से बात करते



हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मंडी की सांसद कंगना ने किसानों को लेकर जो बयानबाजी की है और उसमें चीन और अमरीका का हाथ होने की बात कही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। अपने इस बयान को लेकर वह हंसी का पात्र बनी हुई हैं। विक्रमादित्य सिंह ने मोदी सरकार से सवाल उठाते हुए कहा कि विदेश मंत्रालय को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या मोदी सरकार की विदेश नीति इतनी कमजोर है कि चीन और अमरीका जैसे देश भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उनके बयान से जिस तरह से केंद्र की भाजपा सरकार पल्ला झाड़ा है इससे लगता है कि मंडी की सांसद मानसिक दिवालियापन की शिकार हैं।









मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर सीएम सुक्खू का स्वागत करते सचिव विधान सभा यशपाल शर्मा।

# एचपीआरसीए के माध्यम से भरे जाएंगे रेंज ऑफिसर के 76 पद

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल वन विभाग में वर्तमान में रेंज ऑफिसर के 117 पद रिक्त चल रहे हैं। इसमें से 76 पद हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) के माध्यम से भरे जाएंगे। वहीं, 41 पदों को पदोन्नति द्वारा भरा जाएगा।

यह जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र में जसवां परागपुर के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर के लिखित सवाल के जवाब में मुहैया करवाई है। सीएम ने जवाब में बताया गया कि हिमाचल में कुल 19 ब्लॉक में ऑफिसर्ज को रेंज ऑफिसर का चार्ज दिया गया है। वर्तमान में वन परिक्षेत्र अधिकारियों के कुल 296 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 117 पद रिक्त चल रहे हैं। उक्त 117 पदों में से 76 पद हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरे जाने हैं और 41 पद पदोन्नति द्वारा भरे जाएंगे, जिसकी प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

**मिड डे मील वर्कर्ज को दस माह के लिए प्रतिमाह 4500 रुपए मिलता है मानदेय**

वहीं, मिड डे मील कर्मियों के मानदेय से संबंधित भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज द्वारा पूछे सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जानकारी दी है कि हिमाचल में मिड डे मील (पीएम पोशन) योजना के अंतर्गत मिड डे मील वर्कर्ज को शैक्षणिक वर्ष में दस माह के लिए प्रतिमाह 4500 रुपए मानदेय मिलता है।

इसमें 900 रुपए भारत सरकार और 3600 रुपए राज्य सरकार द्वार दिया जाता है। स्कूलों में छुट्टियों के दौरान इन वर्कर्ज को मानदेय नहीं दिया जाता है, क्योंकि यह एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है, जिसके अंतर्गत मिड डे मील वर्कर्ज के लिए एक शैक्षणिक वर्ष में केवल दस माह के मानदेय का ही प्रावधान है।

### जयराम करें रामलीला और हम करें तो रासलीला : नेगी



**शिमला** । मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा में मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने धनबल और दलबदल की ताकत लगा ली। उन्होंने कहा कि जयराम करें रामलीला और हम करें तो रासलीला हो गई।

### विधानसभा मानसून सत्र : नियम 130 के तहत चर्चा

# हिमाचल में आपदा के समय केंद्र से नहीं मिली राशि : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में कहा कि हिमाचल में आई आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। केंद्र सरकार से आपदा राहत के लिए मात्र 433.70 करोड़ रुपए मिले हैं।

वह भी केंद्र से जो राशि मिलती है उसकी अग्रिम राशि दी गई है। पिछली आपदा में हिमाचल को 9 हजार करोड़ का नुकसान हुआ था उसके पैसा भी केंद्र से नहीं मिला है। इस मसले को लेकर वह फिर से पीएम मोदी से मिलेंगे तथा हिमाचल में आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग करेंगे।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष सड़कों के बंद होने की बात कह रहे हैं, लेकिन वह सड़कों का नाम लेकर बताएं कि कौन सी सड़क बंद है। पिछले वर्ष आपदा से लारजी बांध को 600 करोड़ का नुकसान हुआ था, जिसकी भरपाई आज तक नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि आपदा में क्षतिग्रस्त हुए मकानों के लिए राज्य सरकार ने प्रभावितों को 7 लाख देने की घोषणा की है। ऐसे में जिन लोगों को यह मुआवजा नहीं मिला है वह संबंधित एसडीएम के पास आवेदन करके तुरंत पैसा ले सकते हैं। चर्चा में विधायक चंद्र शेखर ने कहा कि हिमाचल में इस बार भी आई आपदा से काफी लोगों की मौत हुई है, लेकिन आपदा के बावजूद मुख्यमंत्री ने मजबूती के साथ दिया।

वहीं, विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि आपदा प्रबंधन एक गंभीर विषय है तथा इस पर नीति बनाने की आवश्यकता है।

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा-सरकार को उठाने होंगे ठोस कदम



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। आपदा के समय असुरक्षित गांव के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की बात होती है, लेकिन इसके स्थान पर सरकार को प्राकृतिक आपदा को लेकर सर्वेक्षण करना चाहिए, ताकि सभी लोग सुरक्षित रह सकें। यह बात उन्होंने मंगलवार को विधानसभा में नियम 130 के तहत लाई चर्चा की शुरूआत करते हुए कही। उन्होंने आरोप लगाया कि गत वर्ष आपदा राहत राशि बांटने व राहत कार्य करने में पारदर्शिता नहीं रखी। राशि बांटने में भाई भतीजावाद किया गया तथा अपने करीबियों को राहत राशि दी गई

**प्रतिक्रिया**

### विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने को तैयार कांग्रेस सरकार

# वॉकआउट करके सुर्खियां बटोरने का काम न करे विपक्ष : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विपक्ष वॉकआउट करके अखबारों की सुर्खियां बटोरने का काम न करे। सरकार हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। विधानसभा शुरू होने से पहले उन्होंने कहा कि विपक्ष सार्थक चर्चा में भाग ले।

विधायक दल की बैठक में विधानसभा सत्र को लेकर रणनीति तय की गई है। विधायकों की कुछ मांगें थीं, उन पर भी चर्चा हुई है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 10 दिन तक चलेगा। सदन में सड़क-पुलों, आपदा, अपराध, नशा, स्कूलों के विलय जैसे कई विषयों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में घमासान होगा। मानसून सत्र में 936 प्रश्न उठेंगे।

इनमें से 640 तारांकित होंगे, जिन्हें मुख्यमंत्री और मंत्रियों के मौखिक जवाब के लिए भेजा गया है। 296 प्रश्न अतारांकित होंगे, जिनके उत्तर लिखित में दिए जाएंगे।

पहले दिन की बैठक शुरू होने से पहले सदन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से हाथ मिलाकर उनका अभिवादन किया। वह विपक्ष के अन्य सदस्यों से भी उनके पास जाकर मिले। वहीं उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी सीएम सूक्खू के साथ विपक्ष के सदस्यों का अभिवादन करने गए। राज्य विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विपक्ष और सत्ता पक्ष के सदस्यों से सदन की कार्यवाही के संचालन में सहयोग की अपील की। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में पहले दिन की बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद पूर्व विधायकों टेक चंद, नारायण सिंह स्वामी और दौलतराम चौधरी के निधन पर शोकोद्गार हुआ। मुख्यमंत्री ने शोकोद्गार प्रस्ताव रखा। उन्होंने तीनों के योगदान को याद करते हुए वक्तव्य दिया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी शोकोद्गार वक्तव्य दिया।

जयराम के बाद मंत्री राजेश धर्माणी ने शोकोद्गार वक्तव्य दिया। वहीं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार के समय कर्मचारियों ने जो मांगा, वो दिया। हर भत्ते व वित्तीय लाभ दिए गए। मुख्यमंत्री खुद को कर्मचारी हितैषी कहते थे लेकिन आज सचिवालय के बाहर नारे लग रहे है।



मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा में अपनी बात रखते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### नेता प्रतिपक्ष सदन में गैंग के साथ प्रस्ताव लेकर आएं : अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष सदन में गैंग को लेकर प्रस्ताव लेकर आए। यह विपक्ष का दिवालियापन है कि सदस्य नियम 130 के तहत चर्चा मांग रहे हैं और विपक्ष के नेता नियम 67 में चर्चा मांग रहे हैं। वह यह कहना चाहते हैं कि सदन उच्च परंपरा और गरिमा से चलता है।

प्रदेश में आपदा आई हुई है, उस पर नियम 67 में चर्चा लाते तो सरकार इस पर तैयार है। ऐसा तब होता है कि जब विपक्ष के नेता का अपने सदस्यों पर नियंत्रण न हो। भ्रष्टाचार पर भी प्रस्ताव लाते हैं तो सरकार चर्चा को तैयार है। जनता से जुड़ी चीजों पर ये प्रस्ताव नहीं लाएंगे। सड़कें खराब हो गईं। पीने के पानी की योजनाएं ठप हो गईं। सरकार ने आपदा में सड़कें भी खोलीं। पानी की स्कीमें भी ठीक कीं। वह गुंडों पर प्रस्ताव लाने की विपक्ष की निंदा करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### साई सेवा संगठन ने मनाया जन्माष्टमी का पर्व



**राकेश डोगरा, डरोह।** सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी के दिन कृष्ण जन्मोत्सव को साई मंदिर मनसिंबल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। साई सेवा संगठन के संस्थापक रोशन रैना ने बताया कि सुबह 10.30 बजे मंदिर में एकत्रित सभी भक्तों द्वारा श्रीकृष्ण अभिषेक मंत्रों के उच्चारण के साथ किया गया। इस कार्यक्रम उपरांत जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर रात 9:00 से 12:00 बजे तक भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जोगिंद्रनगर के गायक ने कृष्ण भजनों से सभी का मन मोह लिया। रैना ने बताया कि 3 से 11 सितंबर तक साई मंदिर मनसिंबल में देवी भागवत पाठ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें 3 सितंबर को सुबह 9 बजे कलश यात्रा शुरू होगी। हर रोज दोपहर 2 से लेकर सायं 5 बजे तक कथावाचक अनिल डोहरू देवी भागवत का पाठ करेंगे। 11 सितंबर सुबह हवन-यज्ञ होगा, तदोपरांत पूर्णाहुति दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### कौना में भजन-कीर्तन कर मनाई जन्माष्टमी



**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत गांव कौना में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तमाम गांववासियों ने बड़ टियाला हनुमान मंदिर में श्रीकृष्ण का झूला लगाया और कीर्तन मंडली ने भजन सुनाकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कृष्ण भक्तों में प्रसाद का वितरण भी किया गया। भजन-कीर्तन का कार्यक्रम रात्रि 9 से 12 बजे तक चला। रात 12 बजे सभी ने बारी-बारी श्रीकृष्ण को झूला झूलाया और एक-दूसरे की जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर प्रवीण शर्मा, नरेंद्र मोहन शर्मा, राजिंद्र, बलवंत, शशि पाल आदि उपस्थित रहे।

### कांगड़ा वैली स्कूल में दिखा श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल शीला चौक, धर्मशाला में जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के नन्हे बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की सुंदर लीलाओं की झलकियां प्रस्तुत कीं। श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता पर आधारित प्रेरक प्रसंग ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को अपनी मनमोहक छवि द्वारा आकर्षक किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने बच्चों और उनके अभिभावकों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीकृष्ण से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

# 300 मीटर संपर्क मार्ग को कोई भी सरकार न करवा पाई पक्का

## ग्रामीणों में दोनों सरकारों के खिलाफ कड़ा रोष

**सालबिया शर्मा, गरली**

विकास खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पीरसलूही में थपल से गांव मरड़ को आपस मे जोड़ने वाला करीब 300 मीटर संपर्क सड़क गत लंबे अरसे से पक्का होने के लिए सरकारी बजट की राह देख रही है।

ग्रामीण रजनी सूद, जगदीश राणा, रवि कुमार, तिलक राज, दिनेश, बिमला सूद तथा सुनील आदि का अरोप है कि आजादी के बाद आज तक न जाने कितनी सरकारें आई और कितनी चली गईं, लेकिन किसी भी सरकारी नुमाइंदे ने इस संपर्क सड़क को पक्का करने की हिम्मत नहीं जुटाई।

ग्रामीणों का आरोप है कि यहां पक्की सड़क सुविधा न होने के कारण आज भी गांब के बीमार बजुर्ग लोगों को चारपाई पर लिटाकर गांव थपल तक लाना पड़ता है। रजनी सूद, बिमला सूद, जगदीश राणा, रवि कुमार आदि का कहना है कि विगत दिनों अचानक उपरोक्त गांव में अचानक पैर फिसलने से एक महिला की टांग टूट गई तो दिन के समय गांव में कोई भी पुरुष न होने पर इसे बड़ी मशक्त से सड़क तक पहुंचाया।



थपल से गांव मरड़ को जोड़ने वाली सड़क की खस्ताहालत।

वहीं सड़क समस्या से परेशान स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जब भी विधानसभा या लोकसभा के चुनाव निकट आते है तो यह नेतागण हम लोगों को आज तक वोट राजनीति के नाम पर धोखा देते आ रहे हैं, वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वोट लेने के बाद जो भी नेता चुनाव जीत जाता है वह दोवारा 5 वर्षों तक यहां नजर नही आते हैं।

हैरानी की बात तो यह है कि प्रदेश व केंद्र सरकार जहां हर गांव को प्रधानमंत्री ग्राम योजना के तहत हर गांव को सड़क से जोड़ने का दावा करते हैं, लेकिन यहां इस गांब मे सभी सरकारी दावे गोल साबित हुए है।

### बारियश में रास्ते की हालत हो जाती है बदहाल

**वहीं** ग्रामीणों का आरोप है कि बारिश के मौसम में इस रास्ते की हालत ऐसी बदहाल हो जाती है कि कोई व्यक्ति यहां से गुजरते समय कोसता हुआ नजर आता है। बता दें इस रास्ते से हर दिन उक्त तीनों ग्राम पंचायतों के अलाबा अन्य कई लोग यहां रास्ता काफी शाटकट होने पर हजारों लोग आवाजाही करते हैं, परंतु रास्ते की हालत ठीक न होने से अक्सर उन्हें समस्या का सामना करना पड़ता है।

### 'नी मैं दुध काहे नाल रिड़का, चाटी तो मधाणी ले गया' पर थिरके श्रद्धालु



नाग मंदिर करियाड़ा में श्रद्धालुओं को सम्मानित करते प्रबंधक कुलदीप गुलेरिया व अन्य।

**सालबिया शर्मा, गरली**

करियाड़ा के नाग मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मष्टमी पर आयोजित विशाल जागरण की रात इस बार राम केड़े वेले जपणा गुरु जी, कलम-दबात हथ तेरे चगें मे लेख लिखियो आदि भेटें पर देश-प्रदेशभर में अपनी सुर्खियां बटोर चुके जिला हमीरपुर के कागूं के हिमचाली गायक पम्मी ठाकुर के नाम रही।

वहीं, पम्मी ने गणेश वंदना के बाद पहाड़ी, पंजाबी हिंदी, हरियाणवी तर्ज पर भेटों की ऐसी झड़ी लगाई की पंडाल में बैठे भक्त उसकी गायकी के मुरीद हो गए। इससे पहले फर्स्ट ग्रुप डांस स्टूडियो ज्वालामुखी के बच्चों ने धमाकेदार प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की।

इसके पश्चात पम्मी ने 'कलम-दबात हथ तेरे की चगें मेरे लेख लिखियो', 'सुण वो पहाड़ी भक्ता जांदाह कुण दिया रस्ता', 'नी मैं दुध काहे नाल रिड़का चाटी तो मधाणी ले गया' आदि भेटों पर ऐसा समा बाधां की कार्यक्रम मे पहुंचे तमाम श्रदालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### फाइनल में पहुंची न्यूगल स्कूल भवारना की छात्राएं

**अनंत ज्ञान, डरोह**





पिछले दिनों कांगड़ा के रेत में आयोजित डीडी पंजाबी जालंधर के टेलेंट हंट प्रोग्राम के सेमीफाइनल में न्यूगल स्कूल भवारना की दो छात्राओं ने धूम मचा दी है। दोनों का फाइनल राउंड के लिए सिलेक्शन हुआ है। नवमी कक्षा की नियति का डांस में तथा तीसरी कक्षा की परिधि जरियाल का मॉडलिंग में फाइनल के लिए सलेक्शन हुआ है। जल्द ही दोनों छात्रों पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनने के लिए डीडी पंजाबी जालंधर के सदस्य न्यूगल स्कूल भवारना पहुंचेंगे। इस सराहनीय उपलब्धि पर स्कूल के निर्देशक अशोक कटोच, प्रबंधक अंकुर कटोच तथा प्रधानाचार्य निशा गुलेरिया ने छात्राओं एवं परिवारजनों को बधाई दी तथा आगामी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### किसानों-बागवानों को मशरूम के बताए महत्व

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**





मशरूम डेवल्पमेंट प्रोजेक्ट पालमपुर में जिला चंबा के किसानों एवं बागवानों के लिए मंगलवार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया। वन मंडल अधिकारी पालमपुर डॉ. संजीव शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

डॉ. संजीव शर्मा ने किसानों व बागवानों को मशरूम के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को मशरूम की खेती को स्वरोजगार के रूप में अपनाने पर बल दिया। विशेषज्ञ डॉ. हितेंद्र पटियाल ने भी किसानों को संबोधित किया और किसानों को मशरूम उत्पादन की खेती किस प्रकार शुरू की जाए, के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में चंबा जिला के 40 किसान भाग ले रहे हैं, जिसमें पांगी, मैहला, बनीखेत, तीसा और चंबा उद्यान विकास खंड के किसान व बागवान शामिल है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 अगस्त तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को मशरूम की खेती करना, कंपोस्ट बनाना, मार्केटिंग और बैंकों द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया जाएगा। इस अवसर उद्यान विकास अधिकारी डॉ. राजेश पटियाल, उद्यान विकास अधिकारी डॉ. हितेश ठाकुर, उद्यान प्रसार अधिकारी केवल, उद्यान प्रसार अधिकारी किरण ने भी किसानों को संबोधित किया।

### बेसहारा सांड की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** आरा चौक के पास स्कूटी चालक को बेसहारा सांड ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार निवासी गुरनबाड़ जो कि स्कूटी पर घर वापस आ रहा था तो अचानक आरा चौक के पास एक सांड ने उसे टक्कर मार दी।



लोगों ने उसे घायलावस्था में 108 एंबुलेंस की सहायता से डाडासीबा सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया जहां उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया। आजकल कई वाहन चालक इन बेसहारा पशुओं की वजह से हादसे का शिकार हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है इन बेसहारा पशुओं को कहीं गौशाला में भेजा जाए।

## अनंत ज्ञान फैशन

# सलवार-सूट से लेकर ड्रेस के साथ स्टाइल करें सिल्वर ज्वेलरी

**स्टाइलिश दिखना हम सभी चाहते हैं और इसके लिए आजकल एक्सपेरिमेंट फैशन बहुत अधिक चल रहा है। ऐसे में बदलते फैशन के दौर में ऑफिस जाने वाले हम और आप अपने लुक को कई तरह से कस्टमाइज भी करते हैं। आजकल लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए सिल्वर ज्वेलरी को कई तरह से स्टाइल किया जा रहा है। परफेक्ट ऑफिस लुक के लिए सिल्वर ज्वेलरी को स्टाइल किया जा सकता है।**



### शर्ट के साथ में करें स्टाइल

**शर्ट** लुक को ऑफिस में काफी ज्यादा कैरी किया जाता है। वहीं, शर्ट में आपको प्लेन फॉर्मल के अलावा भी कढ़ाई या पैच वर्क में कई सारे कैजुअल डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इन्हें आप न केवल जीन्स, बल्कि लॉन्ग स्कर्ट या पैन्ट्स के साथ में कैरी कर सकती हैं। इन लुक्स के साथ में भी आप हैवी झुमकी स्टाइल सिल्वर इयररिंग्स को पहन सकती हैं। देखने में इस तरह का लुक काफी एक्सपेरिमेंटल लुक देने में मदद करेगा।

### इंडो-वेस्टर्न लुक में डालें जान

**आजकल** कॉटन की ड्रेसेस को हम और आप सभी पहनते हैं। यह स्टाइलिश और कम्र्टेबल ऑप्शन में से एक है। इस तरह के स्टाइलिश लुक के साथ में आप 1 से 2 लेयर में किसी नेकपीस या केवल हैवी इयररिंग्स को कानों में पहन सकती हैं। देखने में इस तरह का लुक आपको अप-टू-डेट और स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा। चाहें तो कलाई पर मैचिंग कंगन को भी पहना जा सकता है।



### कुर्ती लुक के लिए है बेस्ट

**जीन्स** से लेकर प्लाजो के साथ में तरह-तरह की कुर्तियों को स्टाइल किया जा सकता है। ऐसे में कुर्ती के साथ में आप गले में इस तरह से चोकर और हाथों में ओवरसाइज रिंग को स्टाइल कर सकती हैं। चाहें तो चोकर के साथ में इयररिंग्स को स्किप भी कर सकती हैं और नाक में मैचिंग डिजाइन की नोज रिंग को पहन सकती हैं।





**बाजार में आपको कई तरह के आउटफिट मिल जाएंगे जिन्हें आप पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं, लेकिन अगर आप परफेक्ट एथनिक लुक चाहती हैं तो आप इन मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं, आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। अगर आप पार्टी में कुछ लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की सेक्विन जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस पिंक कलर में है और इस ड्रेस में सेक्विन वर्क किया है। इस ड्रेस में आपका लुक रॉयल नजर आएगा और इस तरह के आउटफिट को बाजार से सस्ते दाम में ले सकती हैं। वहीं, ऑनलाइन प्लेटफार्म पर भी आपको ये मैक्सी ड्रेस 1000 से 3000 रुपये की कीमत में मिल जाएंगी। इस आउटफिट के साथ आप मिरर वर्क वाली सिंपल ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।**

# चाहिए एथनिक लुक तो ट्राई करें ये मैक्सी ड्रेस

### स्लीवेलेस मैक्सी ड्रेस

**स्टाइलिश** लुक के लिए आप इस तरह की स्लीवलेस मैक्सी ड्रेस भी वियर कर सकती हैं। यह ड्रेस स्लीवलेस है साथ ही जॉर्जेट फैब्रिक में है और इस तरह की ड्रेस को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 2000 से 3000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ मैचिंग ज्वेलरी में झुमके साथ ही फुटवियर में आप हील्स या मोजरी स्टाइल कर सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंट मैक्सी ड्रेस

**अगर** आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस फ्लोरल पैटर्न में है और स्वीटहार्ट नेक डिजाइन में है। वहीं, इस तरह के ड्रेस में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इस फ्लोरल प्रिंट मैक्सी ड्रेस के साथ आप लॉन्ग इयरिंग्स साथ ही हाथ में सिल्वर चूड़ी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।





# छोटी लेंथ वाले बालों पर भी बन जाता है जूड़ा

***बदलते फैशन के दौर में कई तरह के नए हेयर स्टाइल्स आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन इसमें ट्रेडिशनल लुक के साथ बने हेयर स्टाइल्स को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। वहीं, छोटी लेंथ होने के कारण बालों का जूड़ा कई लोग नहीं बना पाते हैं। तो आइए जानते हैं जूड़ा हेयर स्टाइल्स को स्टाइलिश लुक देने के टिप्स-***

### फ्रेंच बन हेयर स्टाइल

**मिनटों** में बालों का हेयर स्टाइल बनाना चाहती हैं तो हर तरह की लेंथ पर आसानी से फ्रेंच स्टाइल जूड़ा बन जाएगा। इसके लिए सबसे पहले आप बालों को दो भाग में बांट लें और एक के ऊपर एक 2 पोनीटेल बना लें। अब एक हिस्से के बालों को बैक कोंब करके बेस तैयार कर लें। आप चाहें तो इसके लिए स्टफिंग का ही इस्तेमाल कर सकती हैं। बैक कोंब करके बालों को यू-पिन की मदद से सेट कर लें। बचे हुए बालों के बाकी हिस्से से पहले वाले भाग को कवर कर लें। इसे पिंस की मदद से सेट करने के बाद फ्रेंच बन में आप मनपसंद हेयर एक्सेसरी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### फ्रंट ब्रेड बन हेयर स्टाइल

**बैक** के लिए आप डोनट लगाकर या बैक कोंब करके कई तरह के बन हेयर स्टाइल्स बना सकती हैं। वहीं, बालों को फ्रंट से भी स्टाइल किया जाना बेहद जरूरी होता है, ताकि आपका लुक कंप्लीट नजर आए। इसके लिए आप फ्रंट स्टाइलिंग के लिए लूज बटरफ्लाई ब्रेड बना लें। पीछे के बालों के साथ इस ब्रेड को जोड़कर आप बैक में भी सिंपल की जगह ब्रेड हैंगिंग बन भी बना सकती हैं।

# पैरों की शोभा बढ़ाएंगे पायल के ये खूबसूरत डिजाइंस

**अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाना हम सभी चाहते हैं और इसके लिए हम आए दिन नए से नए ट्रेंडिंग चीजों को स्टाइल करना पसंद करते हैं। वहीं, त्योहारों के खास मौके पर हम सभी ट्रेडिशनल वियर पहनते हैं। ऐसे मौके पर हम सजना-सवरना पसंद करते हैं व पति की लंबी आयु के लिए व्रत भी रखते हैं। इस मौके पर पैरों में भी पायल को पहना जाता है। इसमें आपको अलग-अलग पैरों की शेप के अनुसार डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे।**



**डोली डिजाइन पायल :** हैवी डिजाइन की पायल पैरों में पहनना चाहती हैं तो इस तरह की रंग-बिरंगी डोली वाले डिजाइन को चुन सकती हैं। देखने में इस तरह की पायल आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करेगी। इसमें आपको कुंदन डिजाइन में मैरून, रेड और ग्रीन कलर सबसे ज्यादा देखने को मिल जाएंगे। शादी या किसी त्योहार के लिए सी के साथ में इस पायल को पहना जा सकता है।

**हैवी स्टोन वर्क पायल डिजाइन :** मॉडर्न डिजाइन की पायल ढूंढ रही हैं तो इस तरह की बारीक साइज के स्टोन वाली पायल आपके लिए बेस्ट साबित हो सकती है। इसमें आपको कई सारे स्टोन वाले कलर्स देखने को मिल जाएंगे। आप चाहें तो इसमें अपने हिसाब से भी पेस्टल या डार्क कलर्स की पायल का डिजाइन अपने लिए कस्टमाइज करवा सकती हैं।

**घुंघरू डिजाइन पायल :** घुंघरू के डिजाइन पायल में सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं। घुंघरू की आवाज को शुभ माना जाता है। वहीं इस तरह की पायल में सबसे ज्यादा आपको असली सिल्वर में कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। ज्यादातर इसमें फैंसी लुक के लिए चौ डिजाइन की पायल को पहना जाता है। वहीं डेली वियर या सिंपल लुक के लिए इसमें आपको हर तरह की चौड़ाई में अलग-अलग डिजाइन का कलेक्शन देखने को मिल जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### एयरपोर्ट प्रभावितों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर सनौरा गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के अनुसार प्रभावितों की मांग है कि जमीन का सर्किल रेट एक प्रोजेक्ट एक रेट के तहत होना चाहिए। इसके अलावा आर एंड आर के तहत प्रशासन ने अपनी भूमि का एक वर्ग मीटर यानी 16194 रुपए का मूल्य निर्धारित किया है। पुनर्वास भूमि (8 मरला कीमत यानी 24 लाख) और वह जमीन अलग-अलग मोहल्लों की है, ऐसे में उनकी जमीन का रेट क्या है, यह स्पष्ट किया जाए। ज्ञापन के अनुसार बस्ती का क्षेत्र फ्लंग के लिए है और यह प्रभावितों के लिए उपयुक्त नहीं है। दुकानदार के लिए पुनर्वास योजना स्पष्ट नहीं है। लोगों के मुताबिक यह साफ किया जाए कि मुआवजा एक बार में दिया जाएगा या किस्त में अगर किस्त में तो कितना समय लगेगा। प्रभावितों की मांग है कि जिस व्यक्ति का भवन अधिग्रहण के दौरान या क्षेत्र ध्वस्त हो गया हो। मुआवजा पूरी इमारत का होना चाहिए। ज्ञापन के अनुसार सबसे ज्वलंत बिंदु यह है कि किसी मुहाल का सर्किल रेट 6 लाख, 8 लाख, 12 लाख, 25 लाख, 28 लाख, विशेष गगल का 64 लाख है। इसलिए इस विषय पर सोच-विचार कर संबंधित भूमि के प्रभावित लोगों को न्याय दिलाएं।

### टीसीपी पर जनता को भ्रमित कर रही भाजपा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने कहा कि टीसीपी के मुद्दे को लेकर जनता भ्रमित न हो। किशोरी लाल ने कहा कि जिन पंचायतों का नाम टीसीपी के दायरे में आग गया है उस विषय को लेकर मंगलवार को शिमला में मानसून सत्र के चलते मुख्यमंत्री सुक्खू से पूरे मामले को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई, जिसको लेकर मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा की बहुत जल्द ग्रामीणों को राहत प्रदान की जाएगी। इसके साथ किशोरी लाल ने कहा की प्रदेश सरकार लगातार ग्रामीण क्षेत्रों की उन्नति एवं प्रगति के लिए कार्यरत है। इसके साथ उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी के नेता क्षेत्र की जनता को भर्मित करने का कार्य कर रहे हैं।

### अचानक तबीयत खराब होने से प्रवासी की मौत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया मलोट में सोमवार एक निजी फैक्टरी में काम करते समय एक मजदूर की हालात एकदम खराब हो गई, जिसके चलते उसे तुरंत अस्पताल में लाया गया जहां उसकी मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया के एक फैक्टरी में काम करने वाले प्रवासी मजदूर कृष्ण कुमार (24) पुत्र राजू जिला कटिहार, बिहार का रहने वाला था, अचानक उसकी पेट में दर्द होने से तबीयत खराब हो गई जिसके चलते उसे तुरंत हॉस्पिटल जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### उपचार के बाद आज लौटेंगे धर्मगुरु दलाई लामा

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** घुटनों की सर्जरी करवाने अमरीका गए तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा बुधवार को अपने मैक्लोडगंज स्थित निवास में पहुंचेंगे। राजधानी दिल्ली से उनकी फ्लाइट सुबह 8.20 पर गगल स्थित कांगड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचेगी। इस दौरान तिब्बती समुदाय के लोग तथा समर्थक एयरपोर्ट से उनके निवास तक उनका स्वागत करेंगे। तिब्बतियन सेटलमेंट अधिकारी कुनचोक मिग्मार ने बताया कि धर्मगुरु करीब दो माह अमरीका में उपचार के लिए प्रवास के बाद लौटेंगे तथा इस मौके पर उनका स्वागत किया जाएगा।

### ट्रांसफार्मर चोरी में प्रयुक्त वाहन बरामद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** ट्रांसफार्मर चोरी करने की कोशिश करने के मामले में तीन लोगों को सोमवार को रिमांड मिलने के बाद मंगलवार को चोरी में प्रयुक्त टेंपो को भी बरामद कर लिया है। बता दें कि इससे पहले तीनों को अदालत से 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। वहीं, पुलिस चोरी को अंजाम देने के लिए प्रयुक्त वाहन को लेकर पूछताछ के बाद क्षेत्र से ही वाहन बरामद कर लिया है। एएसपी वीर बहादुर ने इसकी पुष्टि की है।

### सीमेंट कंपनियों व सरकार की मिलीभगत का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रदेश में बार-बार सीमेंट मूल्यों में वृद्धि सीमेंट कंपनियों और सरकारों की मिलीभगत की ओर इशारा करती है। बलदेव राज सूद ने कहा हिमाचल में तैयार होने वाला सीमेंट पंजाब की तुलना में हिमाचल में 40 से 50 रुपए प्रति बैग मंहगा देना और बार-बार सीमेंट मूल्यों में बढ़ोतरी इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित करे कि सीमेंट का प्रति बैग लागत मूल्य क्या बनता है तथा उसमें कंपनियो का लाभ जोड़कर कर मूल्य निर्धारण किया जाए, तो सीमेंट 200 रुपए प्रति बैग से ऊपर नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कंपनियों द्वारा मात्र डेढ़ साल में पांच बार सीमेंट दरों में वृद्धि सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के पहाड़ों को काट-काट बन रहे सीमेंट से निकलने वाले प्रदूषण को हिमाचल वासी फांक रहे है और सीमेंट भी मंहगा खरीद रहे हैं। बलदेव ने कहा कि स्वाभिमान पार्टी सरकार से मांग करती है कि सीमेंट के दामों की बढोतरी को तत्काल रोका जाए।

### साई हॉस्टल के लिए हुआ राहुल का चयन



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गदीयाड़ा के छात्र राहुल कुमार का चयन साई हॉस्टल बिलासपुर में खेलकूद के लिए हुआ है। डीपीई नीरजकांत ने बताया कि राहुल हमेशा से ही मेहनती छात्र रहा है। उसने यह मुकाम अध्यापकों की देख-रेख व उनके द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना कर हासिल किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर सभी अध्यापको ने उनको तथा उनके परिवार को बधाई दी है।

### पुलिस चौकी के लिए सीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आलमपुर में स्थायी पुलिस चौकी खोलने को प्रदेश मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। रविवार को सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला हुआ है। इसी वर्ष मार्च महीने में जब सीएम जयसिंहपुर दौरे पर आए थे तो खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने आलमपुर में अस्थायी पुलिस चौकी स्थायी पुलिस चौकी में तबदील करने की मांग की थी। गोमा की मांग पर सीएम ने आलमपुर में कार्यरत अस्थायी पुलिस चौकी को एक स्थायी पुलिस चौकी बनाने की घोषणा की थी। अभी तक यह पुलिस चौकी किराये के भवन में चल रही थी। गोमा ने आलमपुर में पुलिस चौकी खोलने के लिए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया।

### समूह गान और भारत को जानो प्रतियोगिता अक्तूबर में

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां।** भारत विकास परिषद की नगरोटा बगवां इकाई की एक अहम बैठक मंगलवार को प्रधान राज कुमार की अध्यक्षता में सीनियर सिटीजन हाल नगरोटा बगवां में हुई, जिसमें परिषद कैलेंडर से जुड़ी गतिविधियों 'समूह गान प्रतियोगिता और भारत को जानो' इकाई स्तर की स्कूली छात्रों की प्रतियोगिताओं को अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में करवाने का निर्णय लिया गया। परिषद इकाई द्वारा दानी सज्जनों के सहयोग से ली जा रही एंबुलेंस बारे भी चर्चा की गई। बैठक में शाखा निरीक्षण हेतु 31 अगस्त को आ रही केंद्रीय टीम के संदर्भ में भी चर्चा की गई। बैठक में प्रधान राज कुमार चड्ढा, कुमुद मेहता,देव वालिया, स्वर्ना वालिया आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### सद्दूं पंचायत में पूर्व सैनिक का निधन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां हलके के तहत सद्दूं पंचायत के रहने वाले पूर्व सैनिक सुभाष चंद का निधन हो गया। वह 71 साल के थे। मंगलवार को स्थानीय श्मशानघाट पर सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सैकड़ों लोग उनकी अंत्येष्टि में जुटे। प्रधान अर्चना कुमारी ने बताया कि सुभाष चंद ने 28 साल तक सेना की आर्म्ड 84 रेजिमेंट में सेवाएं दी हैं। उनके निधन पर एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, समाजसेवी व नंबरदार बलविंद्र सिंह बबलू, राकेश शर्मा, विकास शर्मा, सचिन शर्मा, कुलवंत ठाकुर आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### स्काउट एंड गाइड ने बच्चों को दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** लिटल फ्लॉवर स्कूल नगरोटा बगवां में 3 दिन का स्काउट एंड गाइड का कैंप आयोजित किया गया, जिसमे एसएचओ नारायण चंद, हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड के राज्य सचिव अंकुश ठाकुर, राज्य समन्वयक सतीश कुमार, डीओसी रुचि चौहान, कैंप ट्रेनर शीना ठाकुर, अंजलि कपूर मौजूद रहे। जिन्होंने बच्चों को जागरूक किया।

### बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप 2 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के बीड़ बिलिंग में इस वर्ष दो से 9 नवंबर तक पैराग्लाइडिंग विश्व कप-2024 आयोजित किया जाएगा। दुनिया के तमाम देशों से पायलट इस स्पर्धा में भाग लेने के लिए बीड़-बिलिंग घाटी पहुंचेंगे। पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप-2024 की तैयारियों को लेकर आज डीसी ऑफिस में बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि 2 नवंबर को दुनिया भर से आए पायलटों के पंजीकरण के साथ पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप-2024 की शुरुआत होगी। उसके बाद 3 से 8 नवंबर तक पैराग्लाइडिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में पायलट भाग लेंगे तथा 9 नवंबर को विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ वर्ल्ड कप का समापन होगा। एडीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देश पर जिला कांगड़ा को राज्य की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिले में पर्यटन गतिविधियों के साथ-साथ साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात मुख्यमंत्री ने कही है। इसी कड़ी में बीड-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर एडीएम डॉ. हरीश गज्जू, सहायक आयुक्त सुभाष गौतम, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक विनय धीमान, एसडीएम बैजनाथ डीसी ठाकुर, कार्यकारी अभियंता जलशक्ति विभाग बैजनाथ राहुल धीमान, कार्यकारी अभियंता बिजली बोर्ड बैजनाथ मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# साडा के विरोध में उतरे भट्टू के लोग

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, मांग को नहीं माना तो सड़कों पर उतरेंगे

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



स्पेशल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (साडा) का विरोध करते भट्टू गांव के लोग।

स्पेशल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (साडा) के विरोध में अब बैजनाथ के भट्टू गांव के लोग भी उतर आए हैं। गांववासियों ने इस मामले को लेकर मंगलवार को एसडीएम कार्यालय बैजनाथ में पहुंचकर इस मामले का विरोध जताया और एसडीएम डीसी ठाकुर को ज्ञापन सौंपा।

गांव के निवासी अनूप तलैल ने बताया कि इस मामले को लेकर संबंधित विभाग को पहले सभी लोगों को जानकारी देनी चाहिए थी, लेकिन लोगों को सीधे समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला। उनके साथ आए अन्य ग्रामीणों ने कहा कि भट्टू गांव में साडा का कोई औचित्य नहीं है। यह क्षेत्र न तो पर्यटन के क्षेत्र में आता है और न ही यहां बेहतर निर्माण हो रहा है। लोगों ने कहा कि अगर उनकी मांग को नहीं माना गया, तो वे सड़क पर उतरने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा है कि साडा में शामिल किए गए नए क्षेत्रों को बाहर रखा जाएगा। इस संबंध में उनकी मुख्यमंत्री सुक्खू से विस्तृत बात हो चुकी है और उन्होंने आश्वासन दिया है जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# श्री साई कॉलेज का बीएड का रिजल्ट रहा शानदार





**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बढानी पठानकोट कैंपस बीएड चौथे सेमेस्टर का रिजल्ट्स बहुत शानदार रहा है। प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सांवल बताया कि पल्लवी (78 प्रतिशत) फर्स्ट, अनुराधा सेकंड (76.88 प्रतिशत), आशना तीसरा (76.11 प्रतिशत) अंक हासिल किए। इसके अलावा स्टूडेंट्स ने 70 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर ग्रुप चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने स्टूडेंट्स और प्रिंसिपल तथा स्टाफ को बधाई दी। साथ स्टूडेंट्स के उज्वल भविष्य की कामना की। तृप्ता पुंज ने स्टूडेंट्स के अभिभावकों के साथ बात करके उनको बधाई दी। इस अवसर पर डायरेक्टर रणजीत सिंह, हेड ऑफ डिपार्टमेंट जसवंत कौर, डॉ. केवल कृष्ण, सुमन स्टाफ आदि शामिल थे।

# बनूरी स्कूल में पोक्सो अधिनियम और मानसिक स्वास्थ्य पर संवादात्मक सत्र

**अजय पाल, पंचरुखी**



मंगलवार को शहीद मेजर सुधीर वालिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बनूरी में पोक्सो अधिनियम और मानसिक स्वास्थ्य पर पर्वतीय महिला विकास ट्रस्ट (पीएमवीटी) द्वारा एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो हिमाचल प्रदेश में लैंगिक न्याय, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य, जाति आधारित भेदभाव और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करता है।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल समिति द्वारा गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद सुश्री नानकी भारद्वाज ने संगठन का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम में पालमपुर से स्वास्थ्य काउंसलर संजीव और पीएमवीटी की सीमा अवस्थी रिसोर्सपर्सन रहे। संजीव ने किशोरावस्था और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर एक सूचनात्मक सत्र के साथ चर्चा शुरू की। सीमा देवी ने घरेलू हिंसा के परिवारों पर प्रभाव और ऐसे वातावरण से संबंधित बच्चों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मानसिक तनाव पर एक सत्र आयोजित किया। सीमा अवस्थी ने पोक्सो अधिनियम, 2012 पर एक संक्षिप्त लेकिन व्यापक चर्चा के साथ सत्रों की श्रृंखला को समाप्त किया।

सत्रों के दौरान छात्रों ने कई सवाल पूछे, जिससे यह पता चला कि इन महत्वपूर्ण विषयों को शैक्षिक माहौल में उठाना कितना आवश्यक है। पीएमवीटी की अध्यक्ष बिमला विश्वप्रेमी ने भी चर्चाओं में भाग लिया और महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रिंसिपल ने पोक्सो अधिनियम, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और अन्य बाल मुद्दों के बारे में छात्रों को सकारात्मक जानकारी और इनपुट्स दिए। उन्होंने पर्वतीय महिला विकास ट्रस्ट के प्रभावशाली और सूचनात्मक सत्रों के लिए उनका धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

# खैर के छह पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी तहसील के अंर्तगत पंचायत गुगाना खैरियां में गत रात सोमवार को 6 खैर के पेड़ों पर अज्ञात व्यक्तियों ने कुल्हाड़ी चला दी है। फिलहाल अभी थाना ज्वालामुखी में शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है, लेकिन भूमि मालिकों ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन 1100 पर डाल दी है और विभागीय जांच की मांग की है। देहरियां के फकेड मझीन का कहना है कि गत रात को उनकी मलकियत भूमि जो कि गुगाना पंचायत के खैरियां में पड़ती है, वहां से 6 खैर के पेड़ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा काट लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तीन माह पहले भी उनके 5 खैर के पेड़ चोरी हुए थे। उन्होंने विभागीय जांच की मांग है। कटे हुए खैरो की कीमत लगभग 50 हजार आंकी जा रही है। (अनंत ज्ञान)



# एकीकृत स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों का किया चेकअप

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने मंगलवार को नगरोटा बगवां स्कूल में एकीकृत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें मेडिसिन, नाक, कान, गला, चर्म, बच्चों व स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की शिविर में लोगों को विभाग द्वारा चलाई जा रही अन्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई गई।

शिविर में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली व उनकी पत्नी भूमिका बाली ने शिरकत करते हुए कहा कि विभाग का यह प्रयास अपने आप मे सराहनीय कदम है। इससे लोगों को एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा के इस प्रकार के शिविरों से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो पाती हैं और आम जनता को इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रूबी भारद्वाज ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए लोगों को इस शिविर के माध्यम से मिलने वाली तमाम सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस प्रकार के शिविरों का आयोजन इस खंड के अंतर्गत अन्य क्षेत्रों में भी किया जाएगा, ताकि लोगों को घर द्वार स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा सके। इस शिविर में कुल 219 लोगों ने स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमे 89 मेडिसिन, 5 बच्चे, गायनी 78, नाक कान गला 20, तथा चरम रोग से संबंधित 25 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई इसके अतिरिक्त 146 लोगों के रक्त चाप व मधुमेय, एच बी 146 व टीबी से संबंधित 89 लोगों की जांच की गई। वहीं शिविर में 8 लोगों की आभा प्रमाण पत्र भी बनाये गए। इस अवसर पर शारदा बाली, ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज दुसेजा, प्रधानाचार्य दीपक मनु, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शूटिंग में प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने जीता गोल्ड मेडल

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

स्टेट इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने हासिल किया गोल्ड मैडल। प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की प्रिंसिपल रेणु परमार की अध्यक्षता में बच्चों ने स्टेट इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लिया। यह चैंपियनशिप हिमाचल प्रदेश के नाहन में आयोजित हुई, जो कि 8वां स्टेट इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप थी।

यह प्रतियोगिता 23 से 26 अगस्त को नाहन में हुई, जिसमें प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के जसकरन ने अंडर-12 में गोल्ड मैडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष भरतभूषण महाजन ने बच्चें को बधाई दी और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 150 से भी अधिक स्कूलों ने भाग लिया था। जिसमें इस बच्चे को सफलता प्राप्त हुई। 10 मीटर राइफल में जसकरन को उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं और भविष्य में और भी अधिक सफलताओं की आशा करते हैं। उनकी लगन और कड़ी मेहनत व अध्ययन से स्कूल के सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। (अनंत ज्ञान)






# स्कूल के विकास के लिए नहीं होगी धन की कमी : इंदु गोस्वामी

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया राजकीय उत्कृष्ठ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनूरी के स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य, अभिभावक और पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत बनूरी खास अजय शर्मा राज्यसभा सांसद सुश्री इंदु गोस्वामी से मिले। उन्होंने स्कूल में हो रहे दो कमरों के निर्माण में धनराशि की कमी से उन्हें अवगत करवाया और स्कूल के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध करवाने की मांग की, ताकि स्कूल के कमरों का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो सके।

पूर्व स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि पहले भी राज्यसभा सांसद द्वारा दो कमरों के निर्माण के लिए 6 लाख रुपए की राशि मुहैया कराई गई थी और लोक निर्माण विभाग द्वारा उसी से स्कूल में कमरों का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन अब विभाग द्वारा धन की कमी की बात कही जा रही है। जिस कारण स्कूल में कमरों का निर्माण कार्य अधूरा रह गया है। राज्यसभा सांसद सुश्री इंदु गोस्वामी ने भी स्कूल प्रबंधन समिति को आश्वस्त किया कि स्कूल के विकास के लिए धन की कमी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा।

# ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर के प्रांगण में चेयरमैन रणवीर सिंह, सेक्टरी कंवलजीत और प्रधानाचार्या श्रीमति अनुमीत कौर अध्यक्षता में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा तीसरी तक के छात्रों- ने श्रीकृष्ण की अलग-अलग झांकियां प्रस्तुत कीं। नन्हे-मुन्ने बच्चे कृष्ण, राधा, वन, सुदामा, सखा आदि की वेशभूषा में बहुत सुंदर लग रहे थे।

प्रधानाचार्य ने सभी अध्यापकों के साथ श्रीकृष्ण जी को झूला झुलाकर आरती की और प्रसाद वितरित कया। इस दिन अभिभावकों को भी स्कूल में आमंत्रित किया गया। वह भी कृष्ण जी की झाकियों को देखकर काफी प्रसन्न हुए। अंत में प्राधानाचार्य ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। (अनंत ज्ञान)




**कवायद** प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के तहत हुई शुरुआत, बागवानों की आर्थिकी में साबित होगा मील पत्थर

# कांगड़ा उगाएगा कनाडा और अमेरिका की महंगी ब्लूबेरी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



अमेरिका तथा कनाडा जैसे देशों में पैदा होने वाली ब्लूबेरी का उत्पादन अब हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला में भी होगा। इसको लेकर बागवानी विभाग, दूरदर्शी तथा हिमाचल के बागवानों की आर्थिकी में बड़ा बदलाव लाने की सोच के साथ काम शुरू कर चुका है तथा अगले साल अप्रैल मई माह में ब्लूबेरी के पैदावार शुरू हो जाएगी।

ब्लूबेरी के सैंपल उत्पादन के बाद बागवानी विभाग की इस फसल को बड़े स्तर पर हिमाचल प्रदेश के ब्लूबेरी को बागवानों से परिचित करवाने की योजना है। ब्लूबेरी के उत्पादन से जुड़ना प्रदेश के बागवानों की आर्थिकी को मजबूत बनाने में मील पत्थर साबित होगा। फिलहाल यहां सबसे बड़ी चुनौती कम अम्लीय मृदा की है। इसमें कुछ केमिकल डालकर इसे ब्लूबेरी की खेती के अनुकूल बनाया जा सकता है तथा इसके लिए विभाग की बागवानों को विशेष प्रशिक्षण देने की भी योजना है। बागवानी विभाग के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पालमपुर में फिलहाल गमलो में 200 पौधे लगाए गए हैं तथा अगले साल तक यह फसल तैयार होने की उम्मीद है।

फिलहाल बागवानी विभाग बड़ी संख्या में इसके पौधे तैयार करने की रणनीति बनाने में जुटा है। यहां बताते चलें कि मार्केट में 1000 रुपए प्रतिकिलो के हिसाब से बिकने वाली ब्लूबेरी के पौधे का मूल्य करीब 800 रुपए है। ऐसे में विभाग पौधे तैयार करने पर फोकस कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

## कई खूबियों से भरपूर है ब्लूबेरी

**रोग** प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और दिल से जुड़ी कई बीमारियों के जोखिम को कम करने में ब्लूबेरी काफी फायदेमंद होती है। इसका सेवन हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को भी कम करता है। विटामिन सी, विटामिन बी 6, एन्थोसाइनिन, पोटेशियम, और फाइबर की मौजूदगी के कारण ये हार्ट को हेल्दी बनाने का काम करती है।

## क्या कहते हैं अधिकारी



**बागवानी** विभाग के धर्मशाला स्थित उपनिदेशक कमल शील नेगी खुद एक बागवान परिवार से संबंध रखते हैं। उनका कहना है कि लीक से हट कर ही प्रदेश के किसानों तथा बागवानों की आर्थिकी में सुधार लाया जा सकता है। उनका कहना है कि आज की तारीख में बागवानी व्यवसाय की जगह व्यापार बन चुका है। उन्होंने बताया कि ब्लूबेरी की खेती को लेकर विभाग ने पहल कर दी है तथा अगले साल ब्लूबेरी के सैंपल उत्पादन के साथ ही प्रदेश के बागवानों को इसकी खेती से जुड़ने को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि उनकी आर्थिकी में बड़ा सुधार हो सके।





# सुरक्षा के लिए 12 बजे तक एकतरफा रोकी यात्रा

**ओपी शर्मा, भरमौर**

मंगलवार को मणिमहेश यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को सुबह ही यात्रा को रोक दिया गया। प्रशासन ने यह निर्णय मणिमहेश से वापस आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया। सोमवार रात से ही हो रही भारी बारिश के कारण रास्ते में फिसलन व मणिमहेश से वापस आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए सुबह से लेकर दोपहर 12:00 तक इस यात्रा को प्रशासन ने रोक लगा दी। कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर इस बार हजारों श्रद्धालुओं ने मणिमहेश की पवित्र डल झील की ओर रुख किया है।

मणिमहेश ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं कार्यकारी एडीएम कुलबीर सिंह राणा ने कहा है यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर सुबह से लेकर दोपहर 12:00 बजे तक हड़सर से मणिमहेश तक जाने वाली यात्रियों को रोका गया था ताकि वापस आने वाले यात्री सुरक्षित अपने स्थान पर पहुंच सके। उन्होंने कहा है कि दोपहर 12:00 के बाद यात्रा को फिर से शुरू कर दिया गया है।



## मंगलवार को खराब मौसम के चलते नहीं हो पाई उड़ानें




मंगलवार को खराब मौसम होने के चलते एक बार फिर से हेली टैक्सी के जरिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को निराश होना पड़ा। हालांकि दोपहर बाद कुछ देर तक कुछ यात्रियों को हेलीकॉप्टर के जरिए गौरीकुंड पहुंचाया गया लेकिन पहाड़ों पर मौसम खराब वह धुंध होने के कारण अधिकतर घंटे उड़ाने बंद रही।

इससे पहले सोमवार को राजश एरो सपोर्टस द्वारा 30 उड़ने भरी गई जिसमें 147 श्रद्धालुओं को गौरीकुंड पहुंचाया गया तो वहीं पर 150 यात्री को गौरीकुंड से वापस भरमौर लाया गया। वहीं दूसरी तरफ थंबी एविएशन के द्वारा कुल 29 उड़ाने भरी गई जिसमें 166 यात्रियों को गौरीकुंड और 164 यात्रियों को गौरीकुंड से भरमौर पहुंचाया गया।



डल झील के पास मंदिर में पूजा करते भक्त।



डल झील में स्नान करते हुए भक्त।



दोनाली (मणिमहेश रास्ते में) गुजरते हुए भक्त।



'नगरोटा बगवां मणिमहेश सेवा समिति' द्वारा भरमौर में लंगर लगाने से पहले नगरोटा में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान शिव, पार्वती और काली का रूप धारण कर नृत्य करते हुए कलाकार।

## न्यूज ब्रीफ

### ममेल में धूमधाम से मनाई गुग्गा नवमी

**पीयूष शर्मा, करसोग।** रक्षाबंधन के साथ ही घर-घर गुग्गा गाथा की भी शुरुआत हो गई थी। करसोग और इसके आसपास के क्षेत्रों में गुग्गा गाथा रक्षाबंधन से शुरू होकर जन्माष्टमी तक घर-घर सुनाई जाती है। पुरानी संस्कृति के अनुसार इसको सुनना शुभ माना जाता है और इसलिए नंगे पांव गुगा का छत्र उठाकर गाथाएं हर घर में सुनाई जाती है। सदियों से चली आ रही परंपरा आज करसोग में भी जिंदा है और लोगों की भी इसमें पूरी आस्था है। वहीं देर रात को श्री ममलेश्वर महादेव के चौरी प्रांगण में राजसिंहासन गोगा स्थल चौरी में भी गुगा जाहर पीर के अनुयाई गाथा सुनाते हुए यह उत्सव सम्पन्न हुआ, वहीं ममेल के स्थानीय निवासी आचार्य गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि यह गोगा लगभग 20 वर्ष बाद श्री ममलेश्वर महादेव मंदिर से निकले हैं। यहां क्षेत्र में गोगा जाहरवीर को राजसिंहासनी गोगा के नाम से भी जाना जाता है और लोकमान्यता व लोककथाओं के अनुसार गुग्गाजी को सांपों के देवता के रूप में भी पूजा जाता है। लोग उन्हें गांव-गांव घर-घर जाकर लोगों की मन्नत पूरी करते हैं व लोग जो अपनी इच्छा से जो मन्नत मांगते है उनको गुगा पीर पूरी करते हैं। गुगा मंडली के सदस्य प्रकाश चंद ने बताया कि गुग्गा गाथाओं को पुरानी परंपराओं के अनुसार ही हर घर में जाकर सुनाया गया। उन्होंने बताया कि गुग्गा जाहर पीर की सारी गाथों को गीतों के माध्यम से सुनाया जाता है और पुरानी संस्कृति को सदियों से निभाया जा रहा है।

### महिला की मौत, लगे दहेज उत्पीड़न के आरोप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत थौना के गांव धलैत में एक महिला की जहर खाने से मौत का मामला सामने आया है। मृतका के भाई ने उसके पति और सास पर दहेज की मांग और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बडरेसा के किशोर कुमार, जो कुल्लू स्थित एक सुरक्षा गार्ड कंपनी में कार्यरत हैं, ने पुलिस थाना सरकाघाट में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनकी बहन किरणा देवी, जिसकी शादी 25 साल पहले थौना पंचायत के गांव धलैत निवासी मनोहर लाल से हुई थी, के दो बेटे और एक बेटी हैं। उन्हें किरणा ने बताया कि उसे उसके पति मनोहर लाल ने मारपीट की, जिससे उसे सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। किशोर ने उसे अस्पताल जाकर दवाई लेने की सलाह दी। हालांकि, दोपहर 2:36 बजे फिर से किरणा देवी के फोन से किशोर को कॉल आया, इस बार फोन पर उसके पति मनोहर लाल थे। किशोर ने तुरंत अपने भाई राजेश कुमार और दूसरी बहन संतोष कुमारी को भी सूचना दी और स्वयं कुल्लू से घर की ओर रवाना हो गया। भांजे विजय ने फोन पर बताया कि किरणा देवी को नेरचौक अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मृत्यु हो गई। किशोर कुमार ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन किरणा देवी ने पति मनोहर लाल और सास अमृता देवी द्वारा प्रताड़ना के कारण आत्महत्या की है।

## झंडा चढ़ाने के बाद विधिवत हुआ जातर मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मंगलवार को भरमौर में आठ दिवसीय ऐतिहासिक जातर मेला शुरू हो गया। सबसे पहले भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने के बाद हजारों वर्ष पुराने देवदार के पेड़ पर झंडा चढ़ाकर इसकी विधिवत शुरुआत हुई। इसके बाद यहां पर ग्राम पंचायत के प्रधान व स्थानीय लोगों के द्वारा हर मंदिर में नए वस्त्र चढ़ाए। इस मौके पर पूर्व विधायक जियालाल कपूर बतौर मुख्य अतिथि विशेष रूप से मौजूद रहे।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को यह मेल भगवान भोलेनाथ को समर्पित होगा और रात को भगवान भोलेनाथ के लिए जगराते का आयोजन किया गया।





झंडा चढ़ाते हुए तथा (दाएं) मेले का शुभारंभ करते हुए गणमान्य।

जानकारी के अनुसार 8 दिनों तक चलने वाले इस मेले में हर दिन का मेला अलग-अलग देवताओं को समर्पित होगा। जिस दिन जिस देवता का मेला होगा उस दिन उस देवता के लिए रात्रि जगराते का आयोजन भी किया जाएगा।

8 दिन के बाद नौवें दिन यहां पर विशाल दंगल का आयोजन होगा जहां पर देश व प्रदेश के कोने-कोने से पहलवान यहां पर अपनी कुश्ती का दमखम दिखाएंगे। इसके बाद तीन दिनों तक यहां पर स्टार नाइट के रूप में रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश के नाम में गिनामी कलाकारों को बुलाया जाएगा। बहरहाल कृष्ण जन्माष्टमी से लेकर राधा अष्टमी तक यहां पर मेले का आयोजन होगा जिसमें दूर से आने वाले श्रद्धालु व यात्री भी इसका लुत्फ उठा सकेंगे। मेले के दौरान यहां पर स्थानीय लोगों द्वारा पारंपरिक नृत्य भी प्रस्तुत किया जाएगा।

## मणिमहेश डल झील पर भक्तों और स्थानीय लोगों में मारपीट

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

शाही स्नान के दौरान जम्मू-कश्मीर के यात्रियों और स्थानीय लोगों के बीच टकराव की स्थिति हो गई। इस दौरान मुस्तैद पुलिस बलों ने दोनों पक्षों को समझाने के खूब प्रयास किए, लेकिन नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। मामला उस वक्त बिगड़ गया जब जम्मू-कश्मीर से पहुंचे यात्रियों ने स्थानीय लोगों द्वारा लगाए टेंट उखाड़ने शुरू कर दिए। इस पर मामला भड़क गया और दोनों पक्षों में झड़प भी हुई है।

यह घटना रविवार शाम की है। बहरहाल मौके पर तैनात पुलिसबलों और सेक्टर अधिकारी ने दोनों पक्षों को शांत करने में सफलता हासिल की। जेएंडके के श्रद्धालुओं का कहना था कि वह मणिमहेश यात्रा के दौरान वर्षों से इसी जगह पर डेरा जमाते है। बावजूद इसके इस मर्तबा स्थानीय लोगों ने यहां पर अपने टेंट लगाकर उनके अधिकार वाली जगह पर कब्जा कर लिया है।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में टकराव हो गया। स्थानीय लोगों ने हड़ताल कर दी और इन यात्रियों के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामले को शांत किया गया। मणिमहेश मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं कार्यवाहक एडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने कहा कि यात्रियों और स्थानीय लोगों के बीच विवाद होने की सूचना मिली थी। मौके पर तैनात पुलिसबलों व सेक्टर अधिकारी व कर्मचारियों ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत करवाकर मामला शांत कर दिया था।

## दुल्हन की तरह सजी शिवनगरी भरमौर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मणिमहेश में लेकर दौरान इस मर्तबा पूरे भरमौर को शिव भक्तों के आगमन के लिए दुल्हन की तरह सजाया गया है। यहां के सभी मंदिरों को फूल मालाओं से सजाया गया है तो वहीं पर सरकारी कार्यालय पर रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। पहली मर्तबा शिव भक्तों के आगमन के लिए प्रशासन द्वारा इस तरह के स्वागत की तैयारीयां की गई है। शिव भक्तों के आगमन पर उनके स्वागत के लिए इस तरह की तैयारियों पर भरमौर प्रशासन की हर





तरफ तारीफ हो रही है। जिसके कारण रात के अंधेरे में पूरा 84 परिसर हुआ भरमौर दुल्हन की तरह सजा हुआ दिखता है और यहां आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक भी इसका खूब नजारा ले रहे हैं।

गौरतलब है हर वर्ष यहां पर देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु मनिमहेश की पवित्र झील पर स्नान करने के लिए जाते हैं। लिहाजा भरमौर में पर्यटन को विकसित किया जाए और यहां अधिक से अधिक पर्यटकों का आकर्षित किया जाए इसके लिए प्रशासन की यह पहल बहुत ही अच्छी मानी जा रही है।

## कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ केस दर्ज करने की उठाई मांग

**आजम डार, चुराह**

चंबा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं से परेशान होकर विधायक हंसराज पर एफआईआर करवाने वाली महिला मीना आज तीसा थाना पहुंची। मीना ने थाना पहुंचकर कांग्रेस नेताओं पर बदनाम करने, धर्म पर लोगों उकसाने और उकसावे से स्वयं और परिवार के सामाजिक बहिष्कार होने के गंभीर आरोप लगाए।



जानकारी देते पीड़िता।

वहीं कांग्रेस के नेताओं पर चुराह प्रत्याशी यशवंत खन्ना, अभी शर्मा, दिलदार अली बट,बरकत अली, शरीफ मोहम्मद, याकूब, बशीर मोहम्मद, जमात अली,लेख राज उर्फ डीके बॉस, ठाकुरी देवी, बीर सिंह, अलका लम्बा, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस, आदि शामिल हैं।

पीड़िता मीना ने कहा कि कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सोशल मीडिया प्लेटफार्मों और समाचार चैनलों पर मेरे बारे भ्रामक जानकारी फैला रहे है। जिससे मेरे धर्म, मान और नाम की भारी बदनामी हो रही है। पीड़िता ने कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन सभी की हरकतों से मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान हुआ है, यह लोग मेरी अनुमति के बिना मेरे नाम का दुरुपयोग कर रहे है, जिसके कारण में अत्यधिक मानसिक पीड़ा का सामना कर रही हूं।

## एड्स के खिलाफ जागरूक किए जा रहे लोग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आज जिला चंबा के विभिन्न शिक्षण संस्थान के रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारियों और पियर एजुकेटर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में किया गया।

इस प्रशिक्षण में जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर हरित पुरी ने कहा कि रेड रिबन क्लब में पूरे वर्ष भर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आदि के बारे में युवाओं जो कि 15 से 49 साल तक की उम्र के लोग एचआईवी से ज्यादा ग्रसित हैं के लिए जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

उन्होंने त्रिमासिक रिपोर्ट समय पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में भेजने के आदेश दिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एचआईवी एड्स के फैलने के कारण, उसके निवारण और एंटी रेट्रो वायरल थेरेपी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी एचआईवी की जांच नजदीक केंद्र में जाकर करवा सकता है। एचआईवी की जांच के लिए जिला चंबा में पंडित जवाहरलाल नेहरू गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज चंबा, सिविल हॉस्पिटल भरमौर, किहार तथा चुबाड़ी में स्थित है।

सरकार का लक्ष्य के अनुसार 2030 तक अनुमानित 95 प्रतिशत पापुलेशन को अपना एचआईवी स्टेटस पता होना चाहिए, 95 प्रतिशत पॉजिटिव लोग एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी पर डालने चाहिए तथा 95 प्रतिशत पॉजिटिव लोगों में वायरल लोड कम होना चाहिए।

## नॉट ऑन मैप संस्था ने तैयार किया परियोजना प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज नॉट ऑन मैप संस्था द्वारा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी पर्यटन विकास को लेकर तैयार किए गए। परियोजना प्रस्ताव पर जिला सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुकेश रेपसवाल ने नॉट ऑन मैप संस्था द्वारा चंबा विकास खंड के तीन क्लस्टरों के तहत चयनित 45 ग्रामपंचायतों में समावेशी पर्यटन विकास एवं स्थाई पारिस्थितिकी पर्यटन (सस्टेनेबल इको टूरिज्म) विकास को लेकर तैयार किए गए परियोजना प्रस्ताव की विस्तृत समीक्षा के पश्चात प्रथम चरण के कार्यों को शुरू करने के लिए समृद्ध संभावनाओं वाली ग्राम पंचायतों का सर्वेक्षण कार्य पुनः करने को कहा। उपायुक्त ने संस्था प्रतिनिधियों को चंबा जिला प्रशासन एवं सभी संबंधित विभागों की और से सहयोग का आश्वासन दिया। साथ में उन्होंने जिला की संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिगत आवश्यक कदम उठाने को भी निर्देशित किया।

इससे पहले नॉट ऑन मैप संस्था की ओर से कुमार अनुभव तथा सचिन कुमार ने परियोजना प्रस्ताव की विस्तृत जानकारी ऑनलाइन माध्यम से रखी। अर्थशास्त्री जिला विकास विभाग विनोद कुमार तथा नॉट ऑन मैप से मनुज शर्मा ने बैठक में हिस्सा लिया ।

## धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी का त्योहार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

कृष्णा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बीते कल जहां भव्य शोभायात्रा एवं मध्य रात्रि भुरू नाग देवता मंदिर में कृष्णा जन्माष्टमी को लेकर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं आज सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हवन की पूर्णाहुति उपरांत भगवान के चरणों में भोग लगाने के साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

बता दें यह भंडारा हर वर्ष जन्माष्टमी के ठीक अगले दिन विधिवत पुजा अर्चना एवं हवन की पूर्णाहुति उपरांत भगवान के चरणों में भोग लगाने के साथ ही सैकड़ों श्रद्धालु भगवान के चरणों में शिश नवाकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

इसके इलावा डलहौजी क्षेत्र के अंतर्गत राधा कृष्ण मंदिर डलहौजी,





निकाली गई शौभायात्रा व लंगर ग्रहण करते लोग।

बनीखेत, बाथरी, नैनीखड देवी-देहरा गोली में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया तथा भजन कीर्तन एवं कृष्ण लीलाओं का गुणगान किया गया। डलहौजी के सुभाष चौक में माखन भरी मटकी फोड़ी गई जिसे देखने विशेष रूप से लोगों ने शिरकत की। इसके इलावा बनीखेत में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राम नाटक क्लब द्वारा विधिवत रामलीला को लेकर ध्वजारोहण किया गया जिसमें समस्त कलाकार एवं राम नाटक क्लब के सदस्यों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### नए शिक्षकों को सिखाए निरीक्षण तकनीक के गुर

**कुल्लू।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कुल्लू में राज्य स्तरीय कार्यशाला में मंगलवार को तीन जिलों के 108 मेडिकल और नॉन-मेडिकल टीजीटी ने विद्यार्थियों, स्टाफ और अन्य सरकारी एवं गैर-सरकारी गतिविधियों का रिकॉर्ड संभालना सीखा। उन्हें स्कूलों के निरीक्षण की तकनीक भी बताई कि कैसे स्कूल का रिकॉर्ड और शिक्षा संबंधी गतिविधियों को खंगालना है। इसके अलावा कार्यशाला में स्रोत व्यक्तियों ने टीजीटी को उपरोक्त विषयों का प्रशिक्षण दिया। डाइट में टीजीटी को चार सत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। नॉन-मेडिकल शिक्षकों को क्षेत्रमिति, विद्यालय स्तर पर रिकॉर्ड रखना, अवकाश नियम एवं आचरण नियम और स्कूल मार्गदर्शन, निरीक्षण विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया। मेडिकल शिक्षकों को पर्यावरण, वन और जीवाश्म ईंधन, मॉडल बनाने के लिए कूड़ेदान या पर्यावरण अनुकूल अपशिष्ट पदार्थ का उपयोग करना बताया। समन्वयक शमशेर ठाकुर ने कहा कि डाइट में कुल्लू, मंडी और लाहौल-स्पीति के नए भर्ती टीजीटी नॉन-मेडिकल और मेडिकल को इंडक्शन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### 300 लोगों ने करवाया मेडिकल चेकअप व टेस्ट



**भुंतर।** मंगलवार को नागरिक स्वास्थ केंद्र तेगूबेहड़ में आयुषमान आरोग्य शिवर का आयोजन किया गया। शिविर का आगाज सीएमओ कुल्लू नागराज पवार ने रिबन काट कर किया। शिविर में बीएमओ जरी डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. प्रेम वर्मा, मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. कल्याण, ईएनटी सपेशलिस्ट डॉ. शिखा, आंखों की स्केनिंग के सपेशलिस्ट डॉ. धीरज सरकैक सहित कई अन्य डॉक्टर मौजूद रहे। शिवर में शाम तक लगभग 300 का मेडिकल चेकअप किया गया और टेस्ट भी किए गए। सीएमओ कुल्लू नागराज पवार ने कहा कि हिमाचल सरकार के निर्देशानुसार जनता को घरद्वार स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जाए। तो महीने के एक बार जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में आयुषमान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को भेजा जाएगा। शिविर में टीकाकरण, आंखों की देखभाल और तमाम तरह की जांच की सुविधा दी जा रही है। अगर कोई गंभीर बिमारी से ग्रस्त हो, तो उसे क्षेत्रीय अस्पताल को रेफर कर दिया जाएगा। वहीं, आयुषमान कार्ड भी बनाएं जाएंगे। सीएमओ कुल्लू नाराज पवार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कुल्लू की टीम जनता की सेवा के लिए 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा का लाभ देने को प्रयासरत है।

### 3 को होगा दिव्यांगता शिविर का आयोजन

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में आगामी 3 सितंबर को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे। कुल्लू अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश ने कहा कि दिव्यांगता शिविर में एमडी मेडिसिन डॉ. नीतीश कुमार दिव्यांगजनों की जांच करेंगे। इसके अलावा एमएस हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. दीप शिखा, शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सम्राट चटर्जी, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. ऋचा शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तेनजिन, डॉ. रबलीन कौर सेवाएं देंगी। उन्होंने लोगों से दिव्यांगता शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### एक वर्ष से तटीकरण नहीं किया जा सका : शौरी

**बंजार।** विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान व इससे राहत व पुनर्वास कार्यों में प्रशासन की लेट लतीफी पर अपनी बात रखी। विधायक शौरी ने कहा कि सरकार अभी तक वर्ष 2023 में आई बाढ़ व आपदा के नुकसान की भरपाई तक नहीं कर पाई है। सैंज नगर व न्यूली में एक वर्ष से तटीकरण नहीं किया जा सका। इस वर्ष भी नगर व आसपास के क्षेत्र में काफी नुकसान पहुंचा है। भूगर्भिक सर्वेक्षण में क्षेत्र के बंदल, सुइपानी जैसे गांव जो रहने के लिए असुरक्षित बताए गए हैं, वहां सरकार की ओर से रोकथाम व पुनर्वास के लिए कोई कार्य नहीं किया गया है। पूरे बंजार के अंतर्गत दर्जन से अधिक बस रूट बंद पड़े हैं व खस्ताहाल सड़कों का रोना रो रही हैं। विधायक ने कहा कि यही हालत वर्ष 2023 से जल शक्ति विभाग की भी चल रही है। उठाऊ सिंचाई योजना मशगां, भड़ेऊली-पचेहू, हाट, बकशाहल-देवगढ़ गोही-रैला, बलागाड़-चैथर-खाबल, ढोरूरोपा-शराई सहित कुल 11 जल योजनाएं एक वर्ष से मरम्मत के लिए बजट की राह देख रही हैं। सजवाड़ मुख्य सड़क पर एक वर्ष से पुल नहीं लगाया जा सका है और न ही आयुर्वेदिक अस्पताल बजौरा को नदी से बचाने के लिए एक वर्ष से कोई प्रयास किया गया है।

### 100 ग्रामीणों का जांचा स्वास्थ्य, किए टेस्ट



**मनाली।** जगतसुख पंचायत में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पंचायत के 100 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान उपचार के साथ टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की गई। मरीजों के चिकित्सकीय परामर्श के बाद टेस्ट किए गए। इस दौरान निशुल्क दवाएं उपलब्ध करवाई गईं। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत आभा आईडी भी बनाई गई। पंचायत जगतसुख के प्रधान बुधराम ने कहा कि शिविर में पांच गांवों जगतसुख, भनारा, शमीनाला, छनाला, शनाला के ग्रामीणों का उपचार किया गया। ग्रामीण राजेश, नितिन, मनु व घनु ने सरकार के इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य शिविर से बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं को लाभ मिला है। स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आरोग्य शिविर की शुरुआत की गई है। बीएमओ नग्गर डॉ. रणजीत ने बताया कि नग्गर खंड के पीएचसी पर हर महीने आरोग्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### जेएमके युवा मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान



**कुल्लू।** कुल्लू के शिरड़ गांव में जेएमके युवा मंडल के द्वारा मंदिर परिसर के आसपास व खेल मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर युवा स्वयंसेवी गणेश ने बताया कि जेएमके युवा मंडल ने जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय कुल्लू के सहयोग से 3 दिवसीय मेजर ध्यान चंद नेशनल खेल दिवस के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। तीन दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन जेएमके युवा मंडल के सभी सदस्यों ने मिलकर संपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि युवाओं ने शिरड़ में मंदिर परिसर के आसपास बिखरे हुए कूड़े-कचरे एवं खेल मैदान में यहां-वहां पड़े हुए प्लास्टिक के कागजों को एकत्रित कर उन्हें उचित पर स्थान रखा गया और स्वच्छता बनाए रखने के संदेश को प्रसारित किया।

# देव श्रीबड़ा छमाहूं को सैकड़ों लोगों ने झुलाया झूला

## देव रथ को चांदी के झूले में बिठाकर झूला झुलाकर लोग धूमधाम के साथ मनाते हैं कृष्णा जन्माष्टमी

**शीला कौल, बंजार**



जन्माष्टमी के अवसर पर सृष्टि के रचयिता विष्णु अवतार देव श्रीबड़ा छमाहूं झूले में विराजमान हुए और सैकड़ों भक्तों ने देव श्रीबड़ा छमाहूं को झूला झुलाकर पूण्य कमाया। यह भव्य कार्यक्रम देवता के मुख्य मंदिर सराज घाटी के दलयाड़ा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित हुआ।

देवता के पुजारी धनेश गौतम ने बताया कि यहां देव रथ को चांदी के बने बड़े झूले में बिठाया जाता है और लोग धूमधाम के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाते हैं, जैसे ही 12 बजे कृष्ण जन्म होता है, तो सभी परंपराएं शुरू हो जाती हैं। देव श्रीबड़ा छमाहूं सृष्टि के रचयिता हैं और विष्णु अवतार के साथ देव रथ में ब्रह्मा विष्णु के अलावा ब्रह्मा, विष्णु, महेश, आदी, शक्ति शेष भी विराजमान हैं। विष्णु भगवान ने ही धरती पर 24 अवतार लिए हैं, जिसमें भगवान कृष्ण का आठवां अवतार है। इसलिए देव श्रीबड़ा छमाहूं को ही विष्णु के अलावा भगवान राम, भगवान कृष्ण माना जाता है और इस अवतार में भगवान शेषनाग व शक्ति स्वरूप लक्ष्मी उनके साथ हमेशा रहती हैं और ब्रह्म व महेश भी उनके अवतार में समय-समय पर भगवान विष्णु का सहयोग करते हैं। यही कारण है कि देव श्रीबड़ा छमाहूं को सृष्टि का रचनाकार कहा गया है और देव रथ में छह शक्तियों ब्रह्मा, विष्णु, महेश, शक्ति व शेषनाग समाहित होकर वास करते हैं। छह शक्तियों के स्वामी को इसीलिए छमाहूं कहा जाता है अर्थात छह देवों की सामूहिक शक्ति। यह स्वरूप भगवान विष्णु ने महाप्रलय के बाद सृष्टि की पुनः रचना के दौरान सामने लाया था और छह शक्तियों के मिलन से सृष्टि की पुनः रचना की थी। देव श्रीबड़ा छमाहूं को सराज घाटी का अधिष्ठाता देव माना जाता है और दलयाड़ा गांव में देवता का मुख्य मंदिर है। इसलिए यह भव्य आयोजन इसी मंदिर में आयोजित हुआ और रात 12 बजे से दूसरे दिन चार बजे तक श्रद्धालु देवता को झूला झुलाकर पूण्य कमाते रहे। (अनंत ज्ञान)

# भल्यानी में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी पर्व





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

श्री कृष्णा मंदिर भल्यानी में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्णा मंदिर परिसर में कान्हा की झांकी संग खूब झूमे।

इस पावन पर्व पर आईएस चांदनी द्वारा गाए भजन नंद के लाला भजन का विमोचन भी किया गया। भजन का विमोचन भगवान कृष्ण के कारदार रूम सिंह नेगी तथा रविंद्र नेगी के कर कमलों से किया गया। प्रसिद्ध लोकगायक ने भजन को हिंदी में गया है। चांदनी ने कहा कि भजन में भल्यानी, जठानी, खारका तथा शांघन गांव की महिला मंडल के सदस्यों ने अभिनय किया। अत: सुखशांति के लिए देवनियमों का पालन करें तथा देवसंस्कृति का संरक्षण-सम्वर्धन को युवा वर्ग आगे आएं। विमोचन कार्यक्रम में कान्हा के गुर पवन कुमार, माता फूंगणी के कारदार खुशहाल सिंह, कृष्ण मंदिर पुजारी गोपाल कृष्ण शर्मा, महिला मंडल भल्यानी की प्रधान लीलावती शर्मा, मोहर सिंह नेगी, हरीश चंद्र ठाकुर खुशहाल सिंह राठौर के अतिरिक्त सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# नगर पंचायत भुंतर की अध्यक्ष की कुर्सी हुई खाली

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

नगर पंचायत भुंतर की प्रधान मीना ठाकुर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ और अब अध्यक्ष पद की कुर्सी खाली हो गई है। अब शीघ्र ही नए चेहरे की नियुक्ति होगी। निवर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ चार पार्षदों की ओर से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया।

मंगलवार को नगर पंचायत भुंतर में एसडीएम सदर विकास शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक रखी गई थी। इसमें सभी पार्षदों को बैठक में शामिल होने के लिए कहा गया था। डीसी को निवर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपने वाले पार्षदों में वार्ड नंबर-सात की पार्षद रविंद्रा डोगरा, नगर पंचायत भुंतर के उपप्रधान अजय किशोर, वार्ड नंबर-तीन के पार्षद दिनेश शर्मा और वार्ड नंबर-पांच के पार्षद पवन कुमार ही बैठक में शामिल हुए। सुबह 11 बजे बैठक का समय निर्धारित किया गया था, बावजूद अन्य पार्षदों को कुछ और समय दिया गया। कोरम पूरा होने के चलते अविश्वास प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया। अब नगर पंचायत भुंतर में अध्यक्ष पद की कुर्सी खाली हो गई है। अध्यक्ष पद की कुर्सी पर अब नए चेहरे की तैनाती होगी। नया चेहरा कौन होगा, इसको लेकर अभी से राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। 15 दिन पहले चार पार्षदों ने डीसी को नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपा था, इसके बाद डीसी ने एसडीएम सदर को इसमें नियमों के तहत प्रक्रिया पूरी करने को कहा था। एसडीएम ने कहा कि भुंतर नगर पंचायत का अध्यक्ष पद रिक्त हो गया है। सरकार से नए अध्यक्ष पद को नियुक्त करने की स्वीकृति मिलने के बाद नया अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। कम से कम 72 घंटे और अधिकतम 15 दिनों के अंदर नए अध्यक्ष का नियुक्त होना जरूरी है। (अनंत ज्ञान)



भुंतर में एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला के साथ नगर पंचायत के पार्षद व अन्य।

### निवर्तमान अध्यक्ष ने सौंप दिया था इस्तीफा

अविश्वास प्रस्ताव के कुछ दिनों बाद ही नगर पंचायत भुंतर की निवर्तमान अध्यक्ष मीना ठाकुर ने इस्तीफा दे दिया था। इसे एसडीएम सदर की ओर से उच्च अधिकारियों को भी सौंप दिया गया था। हालांकि प्रक्रिया 27 अगस्त को होनी थी, जिसके तहत नगर पंचायत में बैठक हुई।

### रविंद्रा को माना जा रहा प्रधान पद के लिए दावेदार

अविश्वास पत्र पारित होने पर मंगलवार से नगर पंचायत भुंतर की कुर्सी खाली हो गई है, अब नगर पंचायत भुंतर के अध्यक्ष पद के लिए भुंतर शहर की जनता के बीच रविंद्रा डोगरा के नाम की चर्चा है और उन्हें प्रधान पद के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि नगर पंचायत भुंतर में महिला के लिए सीट आरक्षित है।

# स्काउटिंग कौशल को जानने के उद्देश्य से की ओवरनाइट हाइक : बीजू हिमदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



स्नो लैंड स्काउट्स एवं गाइड्स ओपन ग्रुप, कुल्लू के 12 रोवर्स और रेंजर्स ने कुल्लू के पीज की हाइक राज्य पुरस्कार के पाठ्यक्रमानुसार की।

इस हाइक के दौरान, प्रतिभागियों को स्काउटिंग के चार महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए, जिसमें पायनिरिंग (इस कौशल में प्रतिभागियों ने रस्सियों और लकड़ी के डंडों का उपयोग कर स्थायी संरचनाएं बनाने की कला सीखी) मैपिंग (मैपिंग के माध्यम से प्रतिभागियों ने नक्शों को पढ़ने और समझने, दिशा-निर्देशों का पालन करने और स्वयं के बनाए नक्शों के आधार पर अपने स्थान का निर्धारण करने की कला) टैंट पिचिंग (इस गतिविधि के दौरान प्रतिभागियों ने टेंट लगाने की सही तकनीक) सीखी। इसमें उन्होंने टेंट की सामग्री, सही स्थान का चुनाव और विभिन्न प्रकार की जलवायु परिस्थितियों में सुरक्षित रूप से टेंट स्थापित करने की विधियां समझीं, बैकवुड्स मैन कुकिंग-इस कौशल में प्रतिभागियों ने बिना आधुनिक रसोई उपकरणों के जंगल में खाना बनाने की तकनीक सीखी। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने न केवल स्काउटिंग के महत्वपूर्ण कौशल में महारत हासिल की, बल्कि आत्मनिर्भरता, अनुशासन और नेतृत्व गुणों को भी सुदृढ़ किया। हाइक में उन्होंने अपनी सीखी हुई दक्षताओं का प्रदर्शन किया, जिससे उनकी मेहनत और कौशल का परीक्षण हुआ। बीजू हिमदल, ग्रुप इंचार्ज एवं रोवर स्काउट लीडर, स्नो लैंड स्काऊट्स एवं गाइड्स ओपन ग्रुप कुल्लू ने बताया कि यह तीन दिवसीय रात्रि हाइक रोवर्स और रेंजर्स के लिए राज्य पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अतिआवश्यक है।

# ब्लैक बेल्ट कराटे शिविर आयोजित 50 विद्यार्थियों को मिला प्रशिक्षण



तीन दिवसीय ब्लैक बेल्ट कराटे शिविर में विभिन्न स्कूलों से आए प्रशिक्षु।

**मोहन कपूर, पतीलकूहल**

धरोहर गांव नग्गर में राजकीय आदर्श वरिष्ठ विद्यालय के प्रांगण में 3 दिवसीय ब्लैक बेल्ट कराटे शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 50 विद्यार्थियों को सेंसई नारायण सिंह की देखरेख में प्रशिक्षण दिया गया।

शिविर में सेंसई सुरेश नेगी, खुब राम, जोगी ठाकुर, चांद ठाकुर, सूर्यांशी, नीरत राम, प्रेम ठाकुर और केशव ठाकुर ने विद्यार्थियों को कराटे की विभिन्न तकनीकों और आत्मरक्षा के तरीकों का प्रशिक्षण दिया। इस शिविर में डीएवी पब्लिक स्कूल कटराई, हिमालयन सनराइज स्कूल छाकी, ग्रूम्स पब्लिक स्कूल और श्री दुर्गा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस तीन दिवसीय शिविर में ब्राउन बेल्ट विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें मानश्रेय नेगी, संजू बावा, राकू सिंह, किरण, तनमेह, कर्ण ठाकुर, हिमानी ठाकुर, सपना, कनक, भानु, अनमोल, अनिरुद्ध सिंह ने अपने कौशल को और भी मजबूत किया। यह शिविर विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने में मददगार साबित हुआ। (अनंत ज्ञान)

# ढालपुर खेल परिसर की साफ-सफाई की

**कुल्लू।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी कुमारी कविता ठाकुर ने बताया कि जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग की ओर से मेजर ध्यानचंद की जयंती व राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर इस वर्ष 17 अगस्त से 29 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मंगलवार को स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संपूर्ण ढालपुर खेल परिसर की साफ-सफाई की गई। खेल मैदान में पड़े हुए पत्थरों व पॉलिथीन को उठाया तथा मैदान में लगी झाड़ियों को साफ किया। इस कार्यक्रम में जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग के अधिकारी व संपूर्ण कर्मचारी, खेलो इंडिया लघु वॉलीबाल प्रशिक्षण केंद्र जिला बॉक्सिंग संघ, जिला कुल्लू बास्केटबॉल संघ, फुटबॉल संघ के प्रशिक्षकों तथा उनके खिलाड़ियों द्वारा श्रमदान किया गया। इस कार्यक्रम में 180 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# मनाली में देह व्यापार और चिट्टा तस्करी के बढ़ते कारोबार के विरोध में दिया धरना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**



चिट्टे के कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए लोग।

मंगलवार को मनाली में महिलाओं सहित विभिन्न पर्यटन संगठनों, समाजसेवियों ने देह व्यापार और चिट्टा तस्करी के बढ़ते कारोबार के विरोध में धरना दिया।

लोगों ने प्रशासन और पुलिस से एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई करने की मांग की है। मनाली के माल रोड मे अवैध कारोबार बढ़ने से लोग परेशान हो गए हैं। समाजसेवी सुभाष ठाकुर की अगुवाई में मंगलवार को मनाली के लोग सड़क पर उतरे। रामबाग में एकत्रित होने के बाद एसडीएम कार्यालय तक रैली निकली गई। शांतिपूर्ण तरीके से नारेबाजी किए बगैर लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंप कर देह व्यापार और चिट्टा तस्करी पर अंकुश लगाने की मांग रखी। पार्षद चंद्रा पदान, सुनीता शर्मा, कल्पना ठाकुर, ललिता, रोटरी क्लब की सचिव अमिता ठाकुर सहित बुजुर्ग महिला एव पूर्व पार्षद पुष्पा तलवार ने कहा कि इन अबैध गतिविधियों के कारण वो अपने को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चिट्टा व देह व्यापार सभी के लिए परेशानी का कारण बन गया है। समाज सेवी सुभाष ठाकुर ने कहा कि मनाली के माल रोड में सरेआम देह व्यापार हो रहा है। चिट्टा तस्करी करने वाले और नशेड़ी घूम रहे हैं, जो पर्यटकों को ठग भी रहे हैं। इसके बाद सभी लोग मनाली थाना पहुंचे। लेकिन, डीएसपी और थाना प्रभारी नहीं होने के कारण लोग धरने पर बैठ गए। लगभग एक घंटे तक धरने पर बैठने के बाद थाना प्रभारी पहुंचे। लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा और अपनी बात रखी। उन्होंने चेतावनी दी कि एक सप्ताह मे कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्हें उग्र आंदोलन छेड़ना पड़ेगा। एसडीएम रमण शर्मा ने कहा कि मनाली वासियों ने आज चिट्टा व देह व्यापार को लेकर चिंता व्यक्त की है तथा ज्ञापन दिया है। महिलाओं सहित शहर वासियों की समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा।

# दशहरा उत्सव के बाद होगा फिल्म फेस्टिवल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने अंतरराष्ट्रीय उत्सव दशहरा कुल्लू दशहरा के समापन के उपरांत फिल्म फेस्टिवल तथा साहित्य उत्सव एवं पुस्तक मेला आयोजित करने से संबंधित गठित उपसमिति की बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने सभी सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के समापन के उपरांत कुल्लू में फिल्म फेस्टिवल तथा साहित्य उत्सव आयोजित करने के संबंध में संभावनाएं तलाश करने के निर्देश दिए, ताकि यहां पर फिल्म तथा साहित्य प्रेमियों को सिनेमा तथा साहित्य के माध्यम से परिचित होने का अवसर मिले। पुस्तक मेले से यहां के स्टूडेंट्स तथा साहित्य प्रेमियों को विविध साहित्य कृतियों से परिचित होने का अवसर मिलेगा तथा विख्यात साहित्यकारों के साथ चर्चा होने से बेहतर साहित्यिक माहौल उत्पन्न होगा। उन्होंने इसकी संभावनाओं को तलाश कर शीघ्र इस दिशा मे प्रगति से सूचित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपसमिति के अध्यक्ष सहायक बंदोबस्त अधिकारी चरंजी लाल, सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, जिला भाषा अधिकारी सुनीला ठाकुर उपस्थित थे।




**आयोजन** — विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी स्टूडेंट्स को किया पुरस्कृत, बाल साहित्य का बच्चों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है

# डॉ. निरंजन देव ने किया हिमतरु बाल विशेषांक का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



हिमतरु द्वारा प्रकाशित बाल विशेषांक के लोकार्पण अवसर पर गणमान्य लोग।

हिमतरु द्वारा प्रकाशित बाल विशेषांक का लोकार्पण जिला मुख्यालय स्थित मोनाल कैफे में वरिष्ठ समीक्षक एवं लेखक डॉ. निरंजन देव शर्मा की ओर से किया गया।

वरिष्ठ कवि अजेय, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक रमेश पठानिया, पनारसा कॉलेज की प्राचार्या उरसेम लता, चित्रकार डॉ. संजू पॉल तथा प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम ने उनका सहयोग किया। हिमतरु द्वारा प्रकाशित इस महत्वपूर्ण बाल विशेषांक के लोकार्पण अवसर पर निरंजन देव शर्मा ने कहा कि बाल साहित्य का बच्चों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। एक अच्छा बाल-साहित्य बच्चों के चरित्र निर्माण में भी मुख्य भूमिका निभाती है, क्योंकि इससे बच्चों के मन में अच्छे संस्कार आते हैं। बाल साहित्य पंचतंत्र की ही तर्ज पर होता है। पंचतंत्र की कहानियों का बाल मन पर क्या असर होता है, यह हम कहानियों और व्यवहारिक तौर महसूस कर सकते हैं और किया भी है। डॉ. निरंजन देव शर्मा ने कहा कि बाल साहित्य बच्चों को काफी पसंद आता है। इस मामले में बड़े उनसे पीछे ही रह जाते हैं। बाल साहित्य बच्चों के पढ़ने या देखने से उनकी कल्पना शक्ति का भरपूर विकास होता है। बच्चे वे नहीं करते, जो हम उन्हें करने के लिए कहते हैं, वे वो करते हैं, जो हमें करता हुआ देखते हैं। बाल साहित्य में मनोरंजन के साथ-साथ कुछ नई तथा कुछ पुरानी बातों को सीख व जानकारी हासिल कर सकते हैं। लोकार्पण समारोह में पनारसा कॉलेज की प्रोफेसर निशा, हिमतरु के तमाम सदस्य, विभिन्न विद्यालयों व कॉलेजों के विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

# पैरालंपिक खेल : भारत को अपने सबसे बड़े दल से रिकॉर्ड पदकों की उम्मीद

**एजेंसी, पेरिस**

भारत ने बुधवार से यहां शुरू होने वाले पैरालंपिक खेलों के लिए 84 खिलाड़ियों का मजबूत दल भेजा है, जिनसे उसे रिकॉर्ड पदक जीतने की उम्मीद है। भारत ने 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे और वह समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था।

इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है। भारत ने यह लक्ष्य इसलिए तय किया है क्योंकि इस बार उसका सबसे बड़ा दल इन खेलों में भाग लेगा। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके उम्मीद बढ़ा दी है। भारत ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे। इसके बाद मई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आधा दर्जन स्वर्ण सहित 17 पदक जीते। एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले कई खिलाड़ी पैरालंपिक टीम में शामिल हैं। इनमें विश्व रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल (एफ64) और राइफल निशानेबाज अवनि लेखरा (10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1) जैसे शीर्ष सितारे शामिल हैं। ये दोनों टोक्यो में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे।

भारत के लिए पैरा-एथलेटिक्स टीम ने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है और इस बार भी एथलेटिक्स में भाग ले रहे 38 खिलाड़ियों से देश को काफी उम्मीद है। पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल हैं, जो अपने पैरों से निशाना लगाती है। उनके अलावा होकाटो सेमा (शॉट पुट) और नारायण कोंगनापल्ले (रोवर) और कई अन्य खिलाड़ी पदक के दावेदार हैं।

भारत इस बार 12 खेलों में भाग ले रहा है, जबकि टोक्यो में 54 सदस्यीय टीम ने नौ खेलों में भाग लिया था। निशानेबाज मनीष नरवाल और बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जो पिछले पैरालंपिक में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे।


अवनि लेखरा


शीतल देवी

## 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की उम्मीद कर रहे सुमित अंतिल



सत्रह साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपना बायां पांव गंवाने वाले सुमित अंतिल ने मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था और वह पेरिस में उसी स्थान पर 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की उम्मीद कर रहे हैं, जहां नीरज चोपड़ा ने इस महीने के शुरू में ओलंपिक रजत पदक जीता था। एशियाई पैरा खेलों में एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले सुमित अंतिल और शॉट पुटर भाग्यश्री जाधव पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार किसी स्टेडियम के बाहर आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए खेलेंगी मंधाना



**एडिलेड।** भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सत्र में मौजूदा चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स की तरफ से खेलेगी। यह भारतीय सलामी बल्लेबाज इससे पहले डब्ल्यूबीबीएल की तीन टीमों ब्रिस्बेन हीट, सिडनी थंडर और होबार्ट हरिकेंस के लिए खेल चुकी हैं। वह लीग के सत्र से पहले विदेशी खिलाड़ियों से अनुबंध करने के नियम के तहत रविवार को होने वाले ड्राफ्ट से पहले स्ट्राइकर्स में शामिल हो गईं। मंधाना हालांकि लीग के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएगी क्योंकि भारत को अक्तूबर के अंत में तीन वनडे मैचों के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करनी है। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्तूबर से शुरू हो रहा है।

### गुकेश ने कारुआना से ड्रॉ खेला



**सेंट लुइस।** भारत के ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप में एक बार फिर अपनी बाजी ड्रॉ खेली तथा अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे जबकि फ्रांस के खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा ने 7वें दौर में पूरे अंक लेकर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। आर प्रज्ञानंदा ने लगातार 7वीं बाजी ड्रॉ खेली। उन्होंने रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ अंक बांटे।

### सानिया की फोटो पर शोएब को कमेंट

**नई दिल्ली।** स्टार टैनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा के सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर करीब 13 मिलियन फॉलोअर्स हैं, जिससे अंदाजा लगता है कि सानिया के फैंस उन्हें कितना पंसद करते हैं। वह भी इस कदर कि फैंस उनके पूर्व पति पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक को सुनाने में पीछे नहीं हटते हैं। सानिया ने हाल में ही अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की थी, जिसमें उन्होंने ब्लैक ड्रेस के ऊपर व्हाइट कलर का आउटफिट पहना हुआ है। सानिया की खूबसूरती की तारीफ करते हुए एक फैन ने कमेंट कर लिखा कि शोएब मलिक अफसोस कर।



# यूएस ओपन : कोको गॉफ की आसान जीत

## पहले दौर के मैच में वरवरा ग्रेचेवा को 6-2, 6-0 से पराजित किया



**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। गॉफ ने सोमवार को यहां पहले दौर के मैच में वरवरा ग्रेचेवा को 6-2, 6-0 से पराजित किया।

गॉफ हाल में खराब फॉर्म से जूझ रही थी, लेकिन यहां उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के बाद कहा, "पिछले कुछ सप्ताह मुश्किल भरे थे। मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थी, लेकिन मुझे अपने अलावा किसी के सामने कुछ साबित नहीं करना है।" अमेरिका के बेन शेल्टन ने 2020 के चैंपियन डोमिनिक थिएम को 6-4, 6-2, 6-2 से हराया।

अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्लोएन स्टीफंस ने क्लारा ब्यूरेल के खिलाफ शुरुआती नौ गेम जीते, लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई और उन्हें 0-6, 7-5, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में जिन अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अगले दौर में जगह बनाई उनमें इस महीने की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली 7वीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन, ओलंपिक की रजत पदक विजेता और यहां 24वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच, 12वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना और 14वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज शामिल है।

### प्वाइंट कार्ड

| वरवरा ग्रेचेवा | | कोको ग्रॉफ |
|---|---|---|
| 00 | एस | 10 |
| 04 | डब्ल फॉल्ट | 06 |
| 49% | पहली सर्व | 64% |
| 55% | पहली सर्व जीती | 72% |
| 35% | दूसरी सर्व जीती | 63% |
| 0/8 | ब्रेक प्वाइंट | 5/10 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 40 | प्वाइंट जीते | 62 |

### सुमित नागल पहले दौर के एकल में हारे



भारत के शीर्ष खिलाड़ी सुमित नागल यहां शुरुआती दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से सीधे सेटों में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए। नागल को अपनी पहली सर्विस में संघर्ष करना पड़ा और वह सोमवार की रात को खेले गए मैच में ग्रिक्सपुर से 1-6, 3-6, 6-7(8) से हार गए। नागल ने दो घंटे और 20 मिनट तक चले मैच में दो बार अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ी जबकि नीदरलैंड के खिलाड़ी ने ब्रेक प्वाइंट के 11 मौकों में से छह को भुनाया। नागल अब पुरुष युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे। पुरुष युगल में भारत के रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी और नागल अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ खेलेंगे।

### नोवाक जोकोविच ने की फेडरर की बराबरी



**वहीं** मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहले दौर के मैच में मोल्दोवा के क्वालीफायर राडू अल्बोट को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया। उन्होंने अमेरिकी ओपन में 89वां मैच जीत कर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की कवायद में हैं।

## दलीप ट्रॉफी से बाहर हुए सिराज

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक पांच सितंबर से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड से बाहर हो गए हैं। वहीं ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने नाम वापस ले लिया है। वह इंडिया-बी टीम में चुने गए थे।

अब उन्हें रिलीज कर दिया गया है। सिराज और उमरान बीमारी के कारण पहले राउंड से बाहर हो गए हैं। सिराज इंडिया-बी टीम का हिस्सा थे। उनके रिप्लेसमेंट का एलान कर दिया गया है। दिल्ली के नवदीप सैनी को सिराज की जगह टीम में जगह मिली है। वहीं इंडिया-सी में उमरान मलिक की जगह गौरव यादव को शामिल किया गया है। जडेजा के रिप्लेसमेंट का अभी एलान नहीं किया गया है।

## पाक के पास अच्छे खिलाड़ियों का मजबूत पूल नहीं : नकवी

**रावलपिंडी ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश से मिली 10 विकेट की करारी हार को निराशाजनक करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान के पास अच्छे खिलाड़ियों का मजबूत पूल नहीं है जो जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ियों की जगह ले सकें।

पाकिस्तान ने घरेलू धरती पर अपना आखिरी टेस्ट मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दिसंबर 2021 में रावलपिंडी में जीता था। इस बीच उसे पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा।

## गोल्फ : लीजेंड्स टूर प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे जीव और रंधावा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा सहित 64 खिलाड़ी 30 अगस्त से ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स पर पहली एचएसबीसी इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

यह देश में लीजेंड्स टूर की पहली प्रतियोगिता होगी। इसकी इनामी राशि पांच लाख डॉलर है और इसमें 2005 के अमेरिकी ओपन चैंपियन न्यूजीलैड के माइकल कैंपबेल भी शिरकत करेंगे। इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप के विजेता को 74,250 डॉलर जबकि उप विजेता को 49,000 डॉलर मिलेंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी की झोली में 32,700 डॉलर आएंगे।

यह प्रतियोगिता 54 होल की होगी और इससे पहले 28 और 29 अगस्त को प्रो-ऐम प्रतियोगिता खेली जाएगी। लीजेंड्स टूर पेशेवर गोल्फ टूर है जिसमें 50 और इससे अधिक वर्ष के पुरुष गोल्फर हिस्सा लेते हैं।

इसका संचालन पीजीए यूरोपीय टूर करता है। इसकी शुरुआत 1992 में यूरोपीय सीनियर टूर के रूप में हुई और 2020 में इस लीजेंड्स टूर नाम दिया गया।

## टी-20 विश्व कप : हरमनप्रीत की अगुवाई में उतरेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर तीन अक्तूबर से संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी जिसका लक्ष्य पहली बार यह टूर्नामेंट जीतना होगा। भारतीय चयन समिति ने अपने आजमाए गए खिलाड़ियों पर ही भरोसा दिखाया है। उमा छेत्री को छोड़कर जुलाई में एशिया कप के असफल अभियान में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा गया है।

शीर्ष क्रम की बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और स्पिन ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को भी टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर करेगा। हरमनप्रीत ने पहली बार 2018 में टी20 विश्व कप में भारत का नेतृत्व किया था। तब से भारतीय टीम एक बार फाइनल में पहुंची है, लेकिन अधिकतर अवसरों पर वह मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही।

### भारतीय महिला टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा सोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन।

### वेस्टइंडीज, द. अफ्रीका से अभ्यास मैच

भारत महिला टी-20 विश्व कप से पहले दुबई में दो अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत 29 सितंबर को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा जबकि हरमनप्रीत कौर की टीम एक अक्तूबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी।




**रेटिंग** भारत नौ मैचों में 68.52 के जीत प्रतिशत के साथ तालिका में टॉप पर

# डब्ल्यूटीसी तालिका में आठवें स्थान पर खिसका पाकिस्तान

**एजेंसी, दुबई**

पाकिस्तान रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 10 विकेट की हार और उसके बाद धीमी ओवर गति की पेनल्टी के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में आठवें स्थान पर खिसक गया है। पाकिस्तान छह मैचों के बाद 16 अंकों और 22.22 के जीत प्रतिशत के साथ 8वें स्थान पर है। वह केवल वेस्टइंडीज से आगे है।

रविवार को समाप्त हुए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज करने वाला बांग्लादेश 21 अंकों के साथ 7वें स्थान पर है। उसने अब तक अपने पांच में से दो मैच जीते हैं। पाकिस्तान के लिए पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण स्थिति और अधिक निराशाजनक हो गई है। उसने निर्धारित समय में छह ओवर कम किए और इस कारण छह डब्ल्यूटीसी अंक गंवा दिए। बांग्लादेश ने भी निर्धारित समय में तीन ओवर कम किए और इस कारण उसे तीन अंको से हाथ धोना पड़ा। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार से रावलपिंडी में खेला जाएगा। भारत नौ मैचों में छह जीत हासिल करके 74 अंकों और 68.52 के जीत प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है।



### टीम इंडिया शीर्ष पर



| रैंक टीम | मैच | जीत | हार | ड्रा | अंक | जीत % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. भारत | 09 | 06 | 02 | 01 | 74 | 68.52 |
| 02. ऑस्ट्रेलिया | 12 | 08 | 03 | 01 | 90 | 62.50 |
| 03. न्यूजीलैंड | 06 | 03 | 03 | 00 | 36 | 50.00 |
| 04. इंग्लैंड | 14 | 07 | 06 | 01 | 69 | 41.07 |
| 05. श्रीलंका | 05 | 02 | 03 | 00 | 24 | 40.00 |
| 06. द.अफ्रीका | 06 | 02 | 03 | 01 | 28 | 38.89 |
| 07. बांग्लादेश | 05 | 02 | 03 | 01 | 21 | 35.00 |
| 08. पाकिस्तान | 06 | 02 | 04 | 00 | 16 | 22.22 |
| 09. वेस्टइंडीज | 09 | 01 | 06 | 02 | 20 | 18.52 |

